संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -348 शनिवार ,21 अक्टूबर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों में घिरी महुआ मोइत्रा का टीएमसी और ममता बनर्जी ने भी छोड़ा साथ,कांग्रेस क्यों दे रही है साथ

रिश्वतखोरी के मुद्दे को बनाया जा रहा राई का पहाड़

» पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों में घिरी महुआ मोइत्रा को कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी का साथ मिला है...

» अधीर रंजन चौधरी ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर रिश्वतखोरी के आरोप को लेकर कहा कि सदन में सबको बोलने का अधिकार है...

कोलकाता,20अक्टूबर 2023(ए)। पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों में घिरी महुआ मोइत्रा को कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी का साथ मिला है। अधीर रंजन चौधरी ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर रिश्वतखोरी के आरोप को लेकर कहा कि सदन में सबको बोलने का अधिकार है।

महुआ मोइत्रा को लेकर क्या बोले अधीर रंजन?

उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि सदन के बाहर हो या अंदर सत्तारूढ़ पार्टी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर राई का पहाड़ बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर एक विशेष उद्योगपति के खिलाफ मुद्दा या सवाल उठाया जाए तो सरकार के अंदर खलबली मच जाती है।

अधीर रंजन ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सरकार को एक व्यक्ति विशेष या एक विशेष उद्योगपति की वजह से परेशानी हो रही है। सरकार एक विशेष उद्योगपति को बचाने के लिए इतनी उत्सुक है कि अगर कोई उसके खिलाफ सवाल पूछता है, तो वह व्यक्ति उसकी दुश्मन बन जाती है।

संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने का मामलाः टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के

वकील केस से हटे

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने की शिकायत करने वाले एडवोकेट जय अनंत देहाद्राई ने अब नया आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके पालतू कुत्ते (हेनरी) के बदले उन पर महुआ के खिलाफ की गई शिकायत को वापस लेने के लिए दबाव बनाया गया है।

वहीं, सांसद महुआ मोइत्रा के वकील गोपाल शंकरनारायणन केस की सुनवाई से हट गए हैं। महुआ ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिस पर आज दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ही वकील जय अनंत देहाद्राई ने जज के सामने कहा कि महुआ के वकील गोपाल शंकरनारायणन ने मुझे बीती रात को फोन किया था। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या बाहर समझौता हो सकता है? इस पर जस्टिस सचिन दत्ता ने कहा कि वह हैरान हैं कि वकील शंकरनारायणन ने मीडिएटर की भूमिका निभाने की कोशिश की। क्या वह अभी भी इस केस में पेश होने के पात्र हैं? जस्टिस ने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसका जवाब आपको खुद देना होगा। यह आपका फैसला है। इसके बाद शंकरनारायणन ने मामले से खुद को अलग कर लिया।

एडवोकेट जय अनंत देहाद्राई ने शुक्रवार को सुबह एक्स पर एक पोस्ट कर यह आरोप लगाया कि, कल दोपहर को हेनरी (पालतू कुत्ता) के बदले में मुझे अपनी सीबीआई शिकायत और निशिकांत दुबे को लिखे पत्र को वापस लेने के लिए मजबूर करने का प्रयास किया गया। मैंने साफ मना कर दिया और कहा कि सीबीआई को ब्योरा दूंगा। मैसेंजर पूरी तरह से निर्दोष है। लेकिन आपको उसके बारे में सब कुछ बताता है।

सीबीआई 90 फीसदी जांच पूरी करने का दावा कर रही

लेकिन किसी अधिकारी ने मुझसे संपर्क नहीं किया : शिवकुमार

बेंगलुरु,20अक्टूबर 2023(ए)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि हालांकि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का दावा है कि आय से अधिक संपत्ति मामले में उनके खिलाफ 90 फीसदी जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन आज तक किसी भी जांच अधिकारी ने उनसे संपर्क नहीं किया है।उच्च न्यायालय द्वारा आय से अधिक संपत्ति के मामले को रद्द करने की उनकी याचिका खारिज किए जाने पर पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि किसी भी जांच अधिकारी ने किसी भी जानकारी के लिए उनसे संपर्क नहीं किया है। उन्होंने कहा, मैं इस मामले पर अपने वकीलों से चर्चा करूंगा।

एक्साइज पॉलिसी मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ संजय सिंह की याचिका खारिज

नई दिल्ली,20अक्टूबर 2023(ए)। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को संजय सिंह की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अब खत्म हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति से संबंधित एक मामले में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी थी।

न्यायाधीश स्वर्णकांता शर्मा ने फैसला सुरक्षित रखने के बाद फैसला सुनाया। गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाईकोर्ट को बताया था कि संजय सिंह के खिलाफ स्पष्ट मामला बनता है।

संजय सिंह की याचिका का विरोध करते हुए ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा था कि आरोपी को कानून के मुताबिक गिरफ्तार किया गया था और उसकी याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

एएसजी ने कहा कि संजय सिंह की याचिका, रिट याचिका की आड़ में जमानत याचिका थी।

मंगलवार को संजय सिंह ने हाईकोर्ट से कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ कानून उत्पीड़न का साधन नहीं बन सकता। वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने कहा था कि उनकी गिरफ्तारी अवैध, दुर्भावनापूर्ण और सत्ता के विरूपण का मामला है।

13 अक्टूबर को हाईकोर्ट ने सिंह की याचिका पर ईडी से जवाब मांगा था और वित्तीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया था।

राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने उसी दिन मामले में सिंह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

सिंह ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को ईडी के समक्ष चुनौती देते हुए कहा है कि वित्तीय जांच एजेंसी ने उन्हें गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया है।

मिली रैपिड रेल 'नमो भारत' की सौगात

20 रुपए में भी कर सकते हैं सफर

नई दिल्ली,20अक्टूबर 2023(ए)। देश को आज पहली बार रैपिड रेल की सौगात मिल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इस मिनी बुलेट ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैपिडएक्स का नाम नमो भारत रखा गया है। इसे पहली बार दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के 17 किलोमीटर लंबे सेक्शन को शुरू किया जाएगा।

इस कॉरिडोर की लंबाई 83 किलोमीटर की होगी। इसमें 14 किमी का सफर दिल्ली में होगा जबकि 68 किमी का हिस्सा उत्तर प्रदेश में पड़ेगा। रूट को दिल्ली मेट्रो की लाइन से भी कनेक्ट किया जाएगा। इससे मेरठ, अलवर, पानीपत जैसे कई शहर दिल्ली से कनेक्ट हो जाएंगे।

मिलेंगी ये सुविधाएं

इसमें कई तरह की फैसिलिटी यात्रियों को मिलेगी। सीटें काफी आरामदायक रहेंगे, मैप के अलावा यात्रियों के लिए ऑडियो और वीडियो अनाउंसमेंट किए जाएंगे।

ट्रेन में डबल ग्लेज्ड औक टेम्पर्ड प्रूफ बड़े शीशे होंगे। इतना ही नहीं महिलाओं के लिए एक रिजर्व कोच भी रहेगा। दिव्यांगों के लिए भी खास सुविधाएं दी जाएंगी।

पहले फेज में रैपिड ट्रेन प्रोजेक्ट को दुहाई से मेरठ तक किया जाएगा। दूसरे फेज में मेरठ साउथ तक काम किया जाएगा। फिर साहिबाबाद से दिल्ली के बीच वाले रूट पर काम शुरू किया जाएगा। 2025 में रैपिड ट्रेन दिल्ली से मेरठ के बीच दौड़ती हुई नजर आएगी। इससे सिर्फ 55 मिनट में यह सफर पूरा कर लिया जाएगा।

देश की सबसे तेज और हाईटेक ट्रेन में किराया भी काफी कम रखा गया है। ट्रेन में स्टैंडर्ड और प्रीमियम दो तरह के कोच लगाए गए हैं। दोनों ही क्लास के लिए किराया भी अलग है। स्टैंडर्ड कोच में न्यूनतम 20 रुपए से अधिकतम 50 रुपए का किराया है। मसलन, शाहिबाबाद से गुलधर से गाजियाबाद से गुलधर जाने के लिए आपको 20 रुपए देने होंगे, जबकि साहिबाबाद से दुहाई डिपो जाने के लिए 50 रुपए किराया लगेगा। वहीं, प्रीमियम क्लास में न्यूनतम किराया 40 रुपए और अधिकम 100 रुपए है।

21 अक्टूबर से यात्रियों के लिए इस सेक्शन को ओपन कर दिया जाएगा। 82 किमी लंबे दिल्ली-मेरठ-गाजियाबाज कॉरिडोर पर फिलहाल 17 किमी के सेक्शन पर दुहाई-साहिबाबाद के बीच ट्रेन चलेगी।

जंगपुरा, आनंद विहार, साबिबाबाद, गाजियाबाद, दुलाई, गुलधर, दुहाई डिपो, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ, मोदीनगर नार्थ, मेरठ साउथ, परतापुर, रिठानी, शताब्दीनगर, ब्राह्मपुरी, मेरठ सेंट्रल, भैंसाली एमईएस कॉलोनी, मेरठ नार्थ, मोदीपुरम और मोदीपुरम डिपो में ट्रेन का स्टॉपेज होगा।

अरविंद केजरीवाल का बड़ा ऐलान

दिल्ली में चलेंगी प्रीमियम बसें,हर बस में होगी वाईफाई की सुविधा

नई दिल्ली,20अक्टूबर 2023(ए)। देश की राजधानी दिल्ली में प्रदूषण कम करने और बस सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए केजरीवाल सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि प्रीमियम लग्जरी-बसों के एग्रीगेटर्स को लाइसेंस दिए जाएंगे जिससे एक लाइसेंस होल्डर कम से कम 25 बसें दिल्ली की सड़कों पर उतार सके। ये सभी एसी बसें होंगी। कम से कम 9 सीटें होंगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रीमियम बस एग्रीगेटर योजना को मंजूरी देते हुए कहा कि अब इस योजना को उपराज्यपाल को भेजा गया है। हालांकि, इस योजना को पहले ही उपराज्यपाल मंजूरी दे चुके हैं, लेकिन जिस योजना को उपराज्यपाल ने मंजूरी दी थी उस पर पब्लिक के कमेंट्स जोड़ने के बाद पहली वाली पॉलिसी में कुछ बदलाव किया गया है। उम्मीद है जल्द ही उपराज्यपाल इसको भी मंजूरी दे देंगे।

-इन बसों में वाईफाई, जीपीएस, सीसीटीवी होगा।

-हर एक यात्री को सीट मिलेगी, स्टैंडिंग की परमिशन नहीं होगी।

-सीट भी डिजिटली मिलेगी। आप एप से अपनी सीट बुक कर सकेंगे।

-पेमेंट्स केवल डिजिटल होंगे और बस के अंदर आपको टिकट नहीं मिलेगी। बस रुक-रुककर नहीं जाएगी।

-जहां से आप बुक करेंगे, वहीं बस आपको पिकअप करेगी।

-चलने और पहुंचने का टाइम तय होगा।

-खास बात यह है कि प्रीमियम बसों का शुल्क डीटीसी बसों के अधिकतम किराये से ज्यादा नहीं होगा।

महिलाएं अपनी मां या सास की गुलाम नहीं

कोच्चि ,20अक्टूबर 2023(ए)। यह कहते हुए कि एक महिला के फैसले किसी भी तरह से कमतर नहीं हैं, केरल उच्च न्यायालय ने तलाक के एक मामले से निपटने के दौरान मौखिक रूप से कहा कि महिलाएं अपनी मां और सास की गुलाम नहीं हैं। न्यायमूर्ति देवन रामचंद्रन ने पारिवारिक अदालत के आदेश पर गौर करते हुए यह टिप्पणी की, इसमें पत्नी द्वारा दायर तलाक की याचिका को खारिज कर दिया गया था, जबकि उसकी शिकायतों को सामान्य टूट-फूट का हिस्सा बताया गया था। इसी आदेश में पक्षों (अलग हुए पति-पत्नी) को सलाह दी गई कि वे अपने मतभेदों को भुलाकर विवाहित जीवन की पवित्रता के अनुरूप कार्य करें। लेकिन उच्च न्यायालय ने बताया कि पारिवारिक अदालत का आदेश बहुत समस्याग्रस्त और पितृसत्तात्मक था। रामचंद्रन ने कहा, मुझे खेद है कि 2023 का लोकाचार इस तरह जारी नहीं रहेगा। संयोग से, यह

अलग हो चुके पति के वकील थे, जिन्होंने बताया कि पारिवारिक अदालत के आदेश में पत्नी को यह सुनने के लिए कहा गया था कि उसकी मां और सास को इस मुद्दे पर क्या कहना है। रामचंद्रन ने टिप्पणी की कि एक महिला के फैसलों को उसकी मां या उसकी सास से कमतर नहीं माना जा सकता। रामचंद्रन ने कहा, महिलाएं अपनी मां या सास की गुलाम नहीं हैं।

न्यायाधीश ने पति के वकील की इस दलील पर भी आपत्ति जताई कि मौजूदा विवाद आसानी से हल किए जा सकते हैं और इन्हें अदालत के बाहर भी सुलझाया जा सकता है।

पति की वकील की दलील पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, रामचंद्रन ने स्पष्ट किया कि वह अदालत के बाहर समझौते का निर्देश केवल तभी दे सकते हैं, जब महिला भी ऐसा करने की इच्छुक हो। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने कहा, उसका अपना दिमाग है। क्या आप उसे बांधेंगे और मध्यस्थता के लिए मजबूर करेंगे? यही कारण है कि वह आपको छोड़ने के लिए मजबूर हुई। अच्छा व्यवहार करें, एक आदमी बनें।

उन्होंने अलग हो चुकी महिला की इस दलील को मंजूरी दे दी कि तलाक की कार्यवाही को उसकी सुविधा के अनुसार थालास्सेरी की एक अदालत में स्थानांतरित किया जा सकता है, क्योंकि वह एक कामकाजी पेशेवर है और उसने अपनी सास को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश होने की भी अनुमति दी।

तेज रफ्तार ट्रक पुल से गिरा,चार लोगों की मौत

जम्मू ,20अक्टूबर 2023(ए)। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के झज्जर कोटली इलाके में शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां एक ट्रक अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर जीएमसी अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।मृतकों में ट्रक के ड्राइवर और कंडक्टर शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक यह ट्रक श्रीनगर से राजस्थान की ओर जा रहा था। यह हादसा वीरवार और शुक्रवार की देर रात करीब ढाई बजे झज्जर कोटली इलाके में झज्जर पुल पर घटित हुआ है।जानकारी के अनुसार कश्मीर से सेबों को लेकर जम्मू की ओर आ रहा ट्रक आरजे13जीबी-5654 झज्जर पुल पर पहले डिवाइडर के साथ टकराया और उसके बाद ट्रक लगभग अस्सी फीट नीचे नाले में जा गिरा। ट्रक में सेब लदे होने के कारण वह अधिक दबाव सह नहीं पाया और ट्रक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

कॉलेजियम की ठंडे बस्ते में पड़ी सिफारिशों को 'बाहर निकालना होगाः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली,20अक्टूबर 2023(ए)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि उसे जजों की नियुक्ति के लिए केंद्र के पास ठंडे बस्ते में पड़ी कोलेजियम की सिफारिशों को वहां से बाहर निकालना होगा। न्यायमूर्ति एस.के. कौल, सुधांशु धूलिया और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि पांच दोहराए गए नाम, पांच नए नाम और स्थानांतरण से संबंधित 11 फाइलें अभी भी केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। पीठ ने टिप्पणी की कि कॉलेजियम की सिफारिशों पर तेजी से कार्रवाई करते हुए केंद्र द्वारा हाल ही में जारी की गई अधिसूचनाएं एक सकारात्मक विकास है और केंद्र द्वारा दी गई इस दलील पर ध्यान दिया कि मामलों को सुलझाया जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल बलबीर सिंह ने दो-तीन सप्ताह की मोहलत मांगी। विधि अधिकारी के अनुरोध को स्वीकार करते हुए शीर्ष अदालत ने मामले को नवंबर 2023 के दूसरे सप्ताह में आगे की सुनवाई के लिए पोस्ट कर दिया। हालाँकि, इसने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि चुनिंदा नामों को अधिसूचित करने से कॉलेजियम की सिफारिश में निहित वरिष्ठता के क्रम में गड़बड़ी होती है और परिणामस्वरूप मेधावी वकील अक्सर पीछे हट जाते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह कॉलेजियम की 70 लंबित सिफारिशों के मुद्दे पर अगले दो महीने तक नियमित अंतराल पर सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत के दबाव के बाद केंद्रीय कानून मंत्रालय ने उच्च न्यायालयों से बड़ी संख्या में लंबित सिफारिशें सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम को भेज दी थीं। केंद्र ने उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण से संबंधित विभिन्न फाइलों को भी मंजूरी दे दी थी।

पांच साल के प्रतिबंध के खिलाफ पीएफआई ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख

केंद्र सरकार के फैसले को दी चुनौती

नई दिल्ली,20अक्टूबर 2023(ए)। पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया ने केंद्र सरकार की ओर से उस पर लगाए गए पांच साल के प्रतिबंध की गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम न्यायाधिकरण द्वारा पुष्टि किए जाने के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। पीएफआई ने अपनी याचिका म यूएपीए न्यायाधिकरण के 21 मार्च के उस निर्णय को चुनौती दी है, जिसमें उसने केंद्र के 27 सितंबर, 2022 के फैसले की पुष्टि की थी।

सांप्रदायिक नफरत फैलाने के लिए सरकार ने लगाया है प्रतिबंध

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ पीएफआई की याचिका पर सुनवाई करने वाली थी, लेकिन उसने यह कहते हुए सुनवाई स्थगित कर दी कि याचिकाकर्ता ने स्थगन के लिए पत्र दिया है। केंद्र सरकार ने इस्लामिक स्टेट जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों के साथ संबंधों और देश में सांप्रदायिक नफरत फैलाने की कोशिश के लिए पीएफआइ पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था।

केंद्र ने पीएफआई और इसके सहयोगियों या मोर्चों को गैरकानूनी घोषित किया था। पिछले साल सितंबर में सात राज्यों में छापेमारी में पीएफआई से जुड़े 150 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया या गिरफ्तार किया गया था। सुरक्षा एजेंसियों ने देश भर में 16 साल पुराने इस संगठन के विरुद्ध कार्रवाई की थी।

आईएसआईएस से वैश्विक आतंकवादी समूहों के साथ पीएफआई के संबंध

गृह मंत्रालय (एमएचए) की अधिसूचना में कहा गया था कि पीएफआई के कुछ संस्थापक सदस्य स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के नेता हैं, और पीएफआई का जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के साथ संबंध है। जेएमबी और सिमी दोनों प्रतिबंधित संगठन हैं। इसमें कहा गया है कि इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया जैसे वैश्विक आतंकवादी समूहों के साथ पीएफआई के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के कई उदाहरण हैं।

अधिसूचना में दावा किया गया है कि पीएफआई देश में असुरक्षा की भावना को बढ़ावा देकर एक समुदाय में कट्टरपंथ को बढ़ाने के लिए गुप्त रूप से काम कर रहे हैं, जो इस तथ्य से प्रमाणित होता है कि कुछ पीएफआई कैडर अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों में शामिल हो गए हैं।

विदेशी लिंक वाले नेटवर्क का भंडाफोड़

» भारतीयों से 300 करोड़ से अधिक का घोटाला किया

» एजेंसी की जांच में 100 से अधिक शेल कंपनियों की संलिप्तता की ओर भी इशारा किया गया है

नई दिल्ली,20अक्टूबर 2023(ए)। एक साल से अधिक की जांच में, सीबीआई ने विदेशी तत्वों से जुड़े एक परिष्कृत, जटिल नेटवर्क का खुलासा किया है, जिसने भारतीयों को नौकरी और ऋण की पेशकश का लालच देकर और साथ ही उन्हें पोंजी योजनाओं में निवेश करने के लिए बेवकूफ बनाकर सैकड़ों करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की।

पैसे को स्थानांतरित करने के लिए यूपीआई खातों, क्रिप्टोकरेंसी और अंतर्राष्ट्रीय मनी ट्रांसफर के एक जटिल वेब का उपयोग किया गया था और एजेंसी ने हाल ही में मनी ट्रेल का विश्लेषण करने के बाद संदिग्धों से जुड़े कई स्थानों पर छापे मारे।

चिंता की बात यह है कि सीबीआई की जांच में 137 शेल कंपनियों की संलिप्तता की ओर इशारा किया गया है, जिनमें से कई बेंगलुरु में कंपनी रजिस्ट्रार के साथ पंजीकृत थीं और उनके निदेशक थे। इनमें से कुछ निदेशक बेंगलुरु स्थित एक पेआउट मर्चेंट से भी जुड़े थे। सीबीआई की एक विज्ञप्ति के अनुसार, जांच - जो एजेंसी के ऑपरेशन चक्र का हिस्सा थी - 2022 में शुरू हुई। केंद्रीय गृह के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा दिए गए इनपुट सहित विभिन्न इनपुट के आधार पर एक मामला दर्ज किया गया था। मंत्रालय. एजेंसी ने कहा कि जालसाजों ने कथित तौर पर पीड़ितों को ऋण, अंशकालिक नौकरियों और पोंजी योजनाओं और बहु-स्तरीय विपणन पहलों में निवेश के वादे के साथ लुभाने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों और उनके विज्ञापन पोर्टलों, एन्क्रिप्टेड चैट एप्लिकेशन और एसएमएस का इस्तेमाल किया।

संपादकीय

तो विधानसभाएं हैं किसलिए ?

संसदीय लोकतंत्र में विधायिका सत्ता की जवाबदेही और उसके कामकाज में पारदर्शिता को सुनिश्चित करती है। लेकिन अगर विधायिका यह कार्य ना करे, या उसे ऐसा ना करने दिया जाए, तो क्या इस अपेक्षा पर कुठाराघात नहीं होगा?

लोकतंत्र के खिलाफ एक तर्क यह है कि इस सिस्टम को चलाना बहुत महंगा पड़ता है। लेकिन उसका तार्किक जवाब यह है कि चूंकि इस व्यवस्था में सत्ता पर नियंत्रण रखना, उसके कामकाज की पारदर्शिता और जवाबदेही तय करना संभव होता है, इसलिए दीर्घकाल में इसे चलाने के लिए हुआ खर्च सार्थक एवं लाभदायक साबित होता है। इससे सरकारी फैसलों में जन हित को केंद्र में रखना मुमकिन होता है। साथ ही चूंकि निर्णय आम सहमति से होते हैं, इसलिए सिस्टम को स्थिर एवं टिकाऊ बनाना संभव होता है। और सारा कार्य विधायिका के जरिए होता है। लेकिन अगर विधायिका यह कार्य ना करे, तो क्या उपरोक्त अपेक्षाओं पर कुठाराघात नहीं होगा? यह प्रश्न भारत में विधायिकाओं की लगातार गिर रही भूमिका के कारण प्रासंगिक हो उठा है। अगले महीने पांच राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। एक ताजा रिपोर्ट से इन पांचों विधानसभाओं के बीते पांच साल में रहे रिकॉर्ड के बारे में जानकारी मिली है। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च ने नाम की संस्था की रिपोर्ट के मुताबिक इन राज्यों में सालाना 30 दिन से भी कम विधानसभा की बैठकें हुईं। राजस्थान में बैठकें साल में औसतन 29 दिन, छत्तीसगढ़ में 23 दिन, मिजोरम में 18 दिन, मध्य प्रदेश में 16 दिन और तेलंगाना के लिए यह संख्या 15 रहीं। खुद समझा जा सकता है कि एक वर्ष में अगर इतनी कम बैठकें हों, तो विधानसभाओं ने अपनी जिम्मेदारी किस हद तक निभाई? यह भी गौरतलब हैकि छत्तीसगढ़ में बैठक का औसत समय प्रति दिन महज पांच घंटे का रहा, वहीं मध्य प्रदेश में औसतन चार घंटे चली। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के इस विश्लेषण के मुताबिक मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में 1952 से 2022 के बीच बैठकों के औसत दिनों में लगातार कमी आई है। यह गौरतलब है कि इन पांचों राज्यों की विधानसभाओं लगभग 48 प्रतिशत विधेयकों पर उसी दिन या पेश होने के अगले दिन विचार किया गया और उसे पारित भी कर दिया गया।

दुर्गा शप्तशती जैसे मानक ग्रंथ में नवदुर्गा नाम से माता के नौ रुपों की चर्चा इस प्रकार से की गई है

रवींद्र कुमार रतन
सुभाष नगर, हाजीपुर,वैशाली बिहार

ऐसा देखा...
जाता है कि माँ शक्ति की आराधना से,उनकी कृपा से शवभी शिव मय हो जाता है। प्राणवान्त हो जाताहै।
शारदीय एवं वासन्तिक नवरात्र माँ की आराधना में समर्पित सन्तानों के प्रति ममता और वात्सल्य के बड़े ही स्नेह तथा सहयोग के वातावरण में स्नात होने का अवसर प्रदान करता है । जिस तरह शारदीय नवरात्र निरभ्र ताराकिंत नभ में प्रकट हो कर निशापति जल-थल औषधि-वनस्पति सबको अपनी सुधा से आप्ययित कर देता है उसीतरह माँकी महिमा

सम्प्रदाय

संकुल भारतीय धार्मिक गगन में अपनी सम्पूर्ण कलाओं से प्रकट हो कर अपनी समस्त शक्ति से हम सबको आनदातिरेक से परिपूरित कर देता है।
दुर्गा शप्तशती जैसे मानक ग्रंथों मे नवदुर्गा नाम से माता के नौ रुपों की चर्चा ही सर्व-सम्मत रुप है। दुर्गा -सप्तशती के कवच में ब्रम्हा जी कहते हैं कि संसारमे सभी प्राणियों का कल्यान करने वाला एक मात्र साधना देवी का कवच ही है। इसका श्रवन करें । इनकी नौ मूर्तियां या नौ रुप हैं,जिन्हे हम नवदुर्गा के रुप में आराधना करते हैं। उनके पृथक-पृथक नाम इस प्रकार हैं:-

प्रथमं शैलपुत्री च द्वितीय ब्रह्मचारिणी,तृतीयचन्द्रघन्टेति कूश्मान्डति चतुर्थकम ।
पंचम स्कन्द्माता तेति षष्ठं च कत्यायिनी,सप्तमं कालरात्रि च महागौरीति च चाषटमम।
नवम सिद्धिदात्रि च नवदुर्गा प्रकीर्तिता, उक्ताताणे तानि नामानि ब्रहमनैव महात्म्ना।

उपर्युक्त श्लोक के आधार पर भक्तों की रक्षा के लिए समय-समय पर धारण किए गए विभिन्न रुपों मे से दुर्गा के नौ रुप इस प्रकार हैं :-

1 शैलपुत्री 2 ब्र्ह्म्चारिणी 3 चंद्रघंटा 4 कूष्माण्डा 5 स्कंद माता 6 कात्यायनी7कालरात्रि 8 महागौरी 9 सिद्धिदात्री।

1 शैलपुत्रीः-

पर्वतराज दक्षकी कन्या भगवती सती का ही दूसरा नाम शैलपुत्री है। दुर्गा माँ के प्रथम रुप को हम शैल पुत्री के रुप में पूजते हैं। शैल राज हिमालय ने कठिन तपस्या कर प्रार्थना की तो भगवती ने प्रसन्न हो कर शैल राज के यहाँ जन्म लिया । इस कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा । जल या रस के रुप में निर्विकार,निर्दोष,आनन्द के रुप में इनकी आराधना की जाती है।यह पुराणों मे प्रसिद्ध है। इनकी आराधना हम निम्न श्लोक से करते हैं।

बन्दे वांछित लाभाय चंद्रार्धकृत शंखराम ।
वृषारुढा शूलधरां शैल पुत्री यशस्विनीम ।

2 ब्रह्मचारिणी

ममतामयी माँ दुर्गा का ही शास्त्रीय नाम ब्रह्मचारिनी है। यह हमें ब्रह्मज्ञान देनेवाली माता है। इनके द्वारा
सच्चा आनन्द प्राप्त किया जाता है।

ब्रम्हा चारयिन्तु शिलं यस्या साब्रह्मचारिनी-सच्चिदा
नन्दमय ब्रह्म स्वरुप की प्राप्ति कराना जिनका स्वभाव है ,वे ब्रह्मचारिनी है।इनकी आराधना हम निम्न श्लोक से करते हैं:-

दधानां कर प्द्माभ्यां मक्षमाला कमण्डलम।
देवी पर्सीदतु मयि ब्रह्मचारी न्यनुत्मा ।।

3 चन्द्रघन्टाः-

चन्द्र घन्टा स्वरुप ही वैष्नों देवी के रुप में विख्यात है। चन्द्रः घन्तयाः भ्याः सा जिस देवी माँ की घन्टा में आह्लाद्कारी चन्द्रमा स्थित हो,उस देवी माँ का नाम चन्द्रघन्टा है । इसकाशाव्दिक अर्थ है, चन्द्र सी लावण्य पूर्ण सोंदर्य,ज्योंति विखरने वाली ही नहीं,चंद्राकार घन्टा या उनकी ध्वनि भी आनन्द देने वाली है।उस आनन्द की अनु भूति तभी हो सकती है जब प्राणी देवी की उन शुभ-वाणी के अनुरुप कार्य करे। इनकी आराधना निम्न प्रकार करते हैं:-

पिन्डजप्रवरारुढा चन्दको-पास्त्रकैर्यता ।
प्रसादि तनुते महान चन्द्र घन्टेति विश्रुता ।।

4 कूष्माण्डा :-

ज्वालामाई ही शास्त्रों पुराणों के अनुसार मातेश्वरी कूष्माण्डा है।अर्थात त्रिविध ताप युक्य संसार जिनके उदर में स्थित है वही भगवती कूष्माण्डा कहलाती हैं।कहा गया है कि त्रय ताप (दैहिक ,दैविक,औरभौतिक) मिटने पर ही आनन्द की अनुभूति होती है इनकीआराधना हम इस श्लोकसे करतेहैं :-

सुरासम्पूर्णकलशं रुधिरा-प्लुतमेव च ।
दधानां हस्तप्द्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु में ।

5 स्कन्द्माताः-

स्कन्द्माता ही नयना देवी के रुप में जगत विख्यात है।छान्दोज्ञ उपनिषद के अनुसार भगवती की शक्ति से उत्पन्न हुए सनत कुमार का नाम स्कंद है । उनकी माता होने सेवे स्कंद-माता कहलाती हैं।इनकी आराधना निम्न श्लोक से करते हैं :-

सिंघासनगतातनत्यंद्माश्रीत करद्वया ।
शुभ्दास्तू सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी ।

6 कात्यायनी :-

======= शास्त्रों ,-पुराणों में कात्यायिनी ही चंडी देवी के रुप में पूजी जाती हैं।कात्यायन ऋषि की घोर तपस्या के फलस्वरुप देवी कात्यायन ऋषिकेआश्रम में प्रकट हुई थी । ऋषि-पुत्री बनी,इसलिये देवी के इस रुप को कात्यायनी नाम से प्रसिद्ध हुई ।इनकी आराधना इस प्रकार करते हैं :-

चन्द्र्हासोज्ज्लकरा शार्दुल वर्वाहना ।
कात्यायनी शुभ दद्यदेवी दानवघातिनी ।

7 कालरात्रिः-

कालरात्रि ही बगलामुखी रुप में पूजी जाती है । जैसा कि नाम से आभास होता है कालरात्रि अर्थात काल को भी मारनेवाली देवी।
वह रात्रि जिसमें काल भी अपना अस्तित्व खो बैठता है।
यह आनन्द मयि रात्रि तभी उपलब्ध होती है जब कोई कालातीत अब्स्था में भूत-वर्तमान-भविष्त की चिंता से पूर्णतः मुक्त हो सके।

8 महागौरी :-

======= सीधे रुप में कहा जाए तो तपस्या द्वारा महान गौरवर्ण प्राप्त करने के
कारण माँ के इस रुप को महा गौरि कहा गया है।वस्तु स्थिति भी कुछ ऐसी ही है कि महागौरी की जगत पिता परमेश्वर क्रीड़ा-समय में भगवान शंकर ने देवी को काली नाम से पुकारा,जिससे भगवती का का रंग काला हो गया। महागौरी की आराधना इस स्ज्लोक से होती है:-

श्वेतवृशंसमरुढ़ा श्वेताम्बर धरा शुचि ।
महागौरी शुभ-दद्याम्हादेव प्रेददा ।

9 सिद्धिदात्री :-

======== सिद्धिदात्री अर्थात मोक्ष प्रदान करने वाली,सिद्धि देने वाली माता-कार्यों को संकटों से सरल कर मोक्ष देने वाली अर्त्जत सिद्धिदात्री से अभिप्राय है की जो सज्जनो को सत्य प्रयास में सफलता देतीं हैं। इस तरह सभी प्राणियों को अपनी सिद्धि के लिए दूसरे को सतप्रयत्न में सहयोग देना चाहिए।जो सबके सत्कार्यों मे सफलता -हेतु सहयोग देगा उसकी सब प्रकार से रक्षा मां करती हिकर्तो है। इनकी आराधना इस श्लोक से करते हैं:-

सिद्धगन्धर्वयक्षद्योर सुरैर मरैर्पि।
सेव्ययाना सदा भूयात सिद्धि दायिनी ।

इस प्रकार हम देखते हैं कि नौ दिन का नव यात्रा माता के स्नेह,सहयोग और सहानुभूति की अमृत वर्षा कर कैसे गुजर जाती है पता ही नही चलता

शत शत नेत्रों से बरसाया नौ ,
दिन का अविरल अतिजल।
भूखे जीवों के हित दिएअमित
तृण अन्न शाक शुचि फल ।।

निश्चित रुप से जो भक्ति- पूर्वक नव यात्रा में देवी माँ का स्मरण और उनकी आरा
धना यथा शक्ति तय्हा भक्ति करता है उसके धन,स्वास्थ्य,यश ,विद्या,बुद्धि सब में बृद्धि होती हैं। अतः हे देवी! तिम्हारे सभी रुपों को मेट शत -शत नमन ,कोटि कोटि प्रणाम है ।
ऊँच नीच,गरीब अमीर सब पर तेरी कृपा समान है।

मेरे अधूरे इश्क हो तुम

मेरे दिल का दर्द हो तुम,
अधूरे इश्क...हो तुम,
मेरी जिदंगी का आधार हो तुम,
मेरे दिल में छुपी,
मोहब्बत की गहराई हो तुम,
कभी खुशी.....,
तो कभी गम का एहसास हो तुम ।
मेरे टूटे हुए सपने,
अब जुड़ते नहीं तुम बिन,
मेरे लफ्जों में अब बयां,
होते नहीं वों खास दिन ,
मेरे अधूरे इश्क हो तुम।
बिखर गई हैं मेरी जिदंगी तेरे बिन,
अधूरा इश्क..... ,
अब मुझे भी अधूरा कर रहा है,
दिन-प्रतिदिन ,
मुझे अदंर ही अंदर मार रहा है,
खूबसूरत पलों की कमी हैं सिर्फ
तुम बिन,
मेरे अधूरे इश्क हो तुम।।

मुस्कान केशरी
मुजफ्फरपुर बिहार

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

किसकी माता है ?

दिल से दिलासा देकर,
हाल न पूछना गुनाह है
ख्याल रखूँगा कबूल कर,
बेफिक्र होना लापरवाह है
जिम्मेदारी को बोझ समझना
क्रूरता को ओज समझना
यह तो काबिलियत नहीं है।
निज माँ को वृद्धाश्रम छोड़कर
वचन-वचन पर कुना
इलाज़ कराने से मुख मोड़ना
यह तो इंसानियत नहीं है।
निर्जीव की आराधना
सजीव को तिरस्कार मिले।
छप्पन भोग मूर्ति को
जूठन भोज अत्याचार मिले।
ऊँची-ऊँची पंडाल सजी
हो रही खूब जगराता है।
उसी देहलीज में भिक्षा माँगते
पता नही,वो किसकी माता है?

चन्द्रकांत खुंटे क्रांति
जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़)

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

कृष्ण पथ

प्रेम पथ परमुझे भी चलना है
चल कान्हा मुझे भी
अब तेरे संग चलना है।
रंग जाऊं तेरे रंग में सांवरिया
ऐसा प्रेम अब मुझे भी
तुमसे करना है।
मिट जाए अब मन की हर अभिलाष
मुझे भी तेरे संग
ऐसा योग नाद करना है।
अपने पराये का भेद
मुझे भी अब नहीं करना है
सुनकर तुमसे गीता का ज्ञान
अब महा ध्यान करना है।

डॉ.राजीव डोगरा
जनयानकड़ कांगड़ा हिमाचल प्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

आँचल

मेरे आँचल मे समाई है यादें तेरी
तू बता कैसे भूल जाऊँ मैं बातें तेरी
दिल की गलियों से गुजरता है ये
रास्ता तेरा
तुझ सा कोई भी नही है जहान मे मेरा
मेरे लबो पर रुकी हैं ये आहें मेरी
मैंने हर पल तुझे सावांरा है
तेरे बिन एक पल भी नही गांवरा है
अब तेरे बिन कटती हैं कैसे रातें मेरी
मेरे आँचल मे समाई है यादें तेरी
तू बता कैसे भूल जाऊँ मैं बातें तेरी
मेरे हाथों की थपकी से आये नींद तुझे
बातों मे रात भर तु जगाये मुझे
मेरे गालों पर थिरकती हैं उंगलियाँ तेरी
मेरे आँचल मे समाई है यादें तेरी
तू बता कैसे भूल जाऊँ मैं बातें तेरी
मैं हूँ आईना तेरा, मेरी परछाई है तू
मैं हूँ सागर और मेरी गहराई है तू
मन के सागर मे लहरें हैं यादें तेरी
मेरे आँचल मे समाई है यादें तेरी
तू बता कैसे भूल जाऊँ
मैं बातें तेरी

सरिता प्रजापति
नई दिल्ली

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

तबाही रोकी जाए

प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक(हरियाणा)

दूसरे विश्व युद्ध के समय हिटलर ने लगभग 60 लाख यहूदियों को बड़ी निर्दयता से मार डाला था। वह उनका नाम और निशान मिटा देना चाहता था। 1948 में इंग्लैंड ने मुस्लिम अरब क्षेत्र में इसराइल नाम के देश में यहूदियों को बसाया। कहना ना होगा कि इजरायल अरब क्षेत्र में बसा हुआ एक देश है जो कि विश्व के तीन प्रमुख धर्म... ईसाई धर्म, मुस्लिम धर्म तथा यहूदी धर्म का केंद्र है। इसराइल के आसपास उसके पांच दुश्मन देश, मिस्र , लेबनान, सीरिया, जॉर्डन तथा फिलिस्तीन है। इसराइल ने अपनी सुरक्षा के लिए अपने चारों तरफ एक अभेद्य दीवार बना रखी है। और इसके साथ ही गांजा पट्टी का क्षेत्र है जहां पर मुस्लिम आबादी के लोग रहते हैं और इसराइल को अपना दुश्मन मानते हैं। अपनी जरूरतों के लिए यह लोग इसराइल पर निर्भर करते हैं। कहना ना होगा कि इसराइल में भी बहुत सारे मुस्लिम लोग रहते हैं। मुख्य समस्या यह है कि अधिकांश मुस्लिम देश इसराइल को मान्यता नहीं देते और अभी तक फिलिस्तीन को विधिवत ढंग से स्थापित

नहीं किया गया। 57 देश वाले इस्लामी देशों का संगठन फिलीस्तीन को मान्यता देता है। गाजा पट्टी में रहने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों में एक आतंकवादी गुट, हमास है जिसकी अधिकांश मुस्लिम देश आर्थिक तथा सैनिक सहायता करते हैं। इस संगठन का उद्देश्य उसी क्षेत्र में एक इस्लामिक देश की स्थापना करना है जिस क्षेत्र को इसराइल ने मिश्र से हथिया लिया था। पिछली 7 अक्टूबर को हमास के आतंकवादियों ने इसराइल के क्षेत्र में घुसकर बेकसूर लोगों को जान से मार दिया, कुछ को बंधक बना लिया और कुछ को जख्मी कर दिया। इजरायल की खुफिया एजेंसी को किसी बात का पता नहीं था। इस से क्षुब्ध होकर इसराइल ने गाजा पट्टी पर हमास के ठिकानों पर हमलो कर दिया। इस युद्ध में एक और आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला भी कूद पड़ा है! कहना ना होगा कि एक बार पहले भी इसराइल को अधिकांश मुस्लिम देशों ने युद्ध में घेर लिया था परंतु उन सब को इसराइल ने नाकों तले चने चबा दिए। इजरायल तथा हमास में होने वाला युद्ध बहुत खतरनाक है इसमें ईरान की प्रमुख भूमिका मानी जाती है। वैसे तो भारत अभी तक फिलिस्तीन तथा मुस्लिम देशों का पक्षधर रहा है। परंतु बदले हुए आर्थिक तथा राजनीतिक माहौल को देखते हुए भारत के प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी ने जहां हमास का नाम लिए बिना आतंकवाद की आलोचना की है वहां इजराइल का समर्थन भी किया है। कुछ लोग इसे भारत की किसी समय की गुटनिरपेक्ष आंदोलन के सदस्य के तौर पर भूमिका के तौर पर देख रहे हैं। इस बीच गाज़ा में एक अस्पताल में रॉकेट के दागे जाने से लगभग 500 लोग मारे गए हैं। इसके लिए इसराइल तथा मुस्लिम देश एक दूसरे के ज्यादा खिलाफ हो गए हैं। अपना समर्थन दिखाने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इसराइल का दौरा भी किया है। सहायता के लिए जंगी जहाजों से लैस अमेरिका तथा इंग्लैंड ने दो युद्ध पोत भी इजरायल की सहायता के लिए समुद्र में उतार दिए हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री ने युद्ध रुकवाने के लिए इसराइल के अलावा कुछ मुस्लिम देशों के अध्यक्षों से बातचीत भी की है। 10 लाख आबादी वाले गाजा पट्टी में मानव अधिकार का हनन, पानी, दवाइयां, भोजन आदि की कमी को लेकर सुरक्षा परिषद की मीटिंग में कोई फैसला नहीं हो सका। इस युद्ध के कारण सारा विश्व दो भागों में बटा हुआ दिखाई देता है। यह स्पष्ट हो जाना चाहिए कि रूस, चीन, उत्तरी कोरिया आदि इजराइल का विरोध कर रहे हैं। एक तरफ इसराइल तथा नाटो देश और दूसरी तरफ मुस्लिम देश। इस युद्ध के कारण ईरान ने इसराइल को गज़ापट्टी में तुरंत कार्रवाई रोकने की चेतावनी दी है। इस युद्ध के कारण और भी कई मुस्लिम देश इस युद्ध की लपेट में आ सकते हैं। अभी तक दुनिया रूस यूक्रेन युद्ध के कारण चिंतित थी लेकिन इस युद्ध ने तो तीसरे विश्व युद्ध की भूमिका को ही तैयार कर दिया है। इस युद्ध के कारण न सिर्फ दोनों तरफ महा विनाश हो रहा है बल्कि राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में भी आसमान छूने वाली वृद्धि होने की संभावना है। ऐसे में विश्व अर्थव्यवस्था लड़खड़ा जाएगी। विश्व के बड़े-बड़े देशों को होने वाले महाविनाश को रोकने के लिए कोशिश करनी चाहिए। सबसे पहले युद्ध विराम करवाना चाहिए, उसके बाद इजरायली तथा विदेशी बंधकों को मुक्त करना चाहिए और उसके बाद दोनों देशों में बातचीत करके फिलिस्तीन तथा इजरायल की समस्या का स्थाई समाधान ढूंढना चाहिए।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

भौतिकता की चाह में पीछे छूटते रिश्ते

-प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार हरियाणा

एक अजीब सी दौड़ है ये जिन्दगी, जीत जाओ तो कई अपने पीछे छूट जाते हैं और हार जाओ तो अपने ही पीछे छोड़ जाते हैं। रिश्तों के प्रति इंसान को जागरूक होना चाहिए तथा रिश्तों की अहमियत को पहचाना चाहिए। जो रिश्तों के अर्थ को समझ सकता है। वहीं रिश्तों को निभा सकता है। जीवन दो-ढाई दशक पहले तक कई मायनों में बहुत ही सादगी भरा और दिखावे से कोसों दूर और वास्तविकता के बहुत पास होता था। तब मनुष्यता के जितने गुण सोचे और तय किए गए हैं, वे सब आसपास के परिवेश के दिख जाते थे। लेकिन आज सरलता और सहजता से दूर दिखावे और स्वार्थ से भरा हुआ जीवन ही ज्यादातर लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इसमें वयस्क या बुजुर्गों की तो दूर, हमने बच्चों तक को नहीं छोड़ा है। आजकल लोग अपने खुशी में कम खुश और दुसरों की दुख में ज़्यादा खुश होने लगें हैं।

आजकल की भागदौड की जिंदगी में लगातार रिश्तों की अहमियत कम हो रही हैं। सभी लोग जैसे भाग रहे हैं और एक दूसरे से मानो कोई प्रतियोगिता-सी कर रहे हैं। पैसा कमाने की कोशिश में रिश्ते नाते पीछे छूट रहे हैं। आज के समय में हमारे पास ढेरों सुविधाएं हैं, बड़ी-बड़ी गाड़ियां हैं, आलीशान घर हैं परंतु रिश्ते नहीं हैं। पैसा और शोहरत कमाने में हम इतने व्यस्त हो गए हैं कि हम अपने अपनों से दूर हो गए हैं। आज के समय में रिश्ते केवल स्वार्थ पूर्ति का साधन बन गए हैं। काम खत्म रिश्ते खत्म। दूर के रिश्तों की बात छोड़िए। आजकल तो माँ-बाप को भी पैसे के लिए इस्तेमाल किया जाता है। माना की समय बदल रहा है, शिक्षा का विस्तार हुआ है, समृद्धि आई है, परंतु साथ-साथ संस्कृति और संस्कारों का भी हनन हुआ है और इसी कारण रिश्ते नातों की अहमियत खत्म हो रही हैं।

जीवन दो-ढाई दशक पहले तक कई मायनों में बहुत ही सादगी भरा और दिखावे से कोसों दूर और वास्तविकता के बहुत पास होता था। तब मनुष्यता के जितने गुण सोचे और तय किए गए हैं, वे सब आसपास के परिवेश के दिख जाते थे। लेकिन आज सरलता और सहजता से दूर दिखावे और स्वार्थ से भरा हुआ जीवन ही ज्यादातर लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इसमें वयस्क या बुजुर्गों की तो दूर, हमने बच्चों तक को नहीं छोड़ा है। आजकल लोग अपने खुशी में कम खुश और दुसरों की दुख में ज़्यादा खुश होने लगें हैं। आज़ शाय़द ही कोई युवा ख़ासकर जो बेरोजगार हैं , विद्यार्थी हैं अपने रिश्तेदारों से परेशान न हों। कारण, उनकी बेरोजगारी की चिन्ता जितनी उनके माता-पिता को नहीं उससे कहीं ज्यादा उनके रिश्तेदारों को होती है। जो पढ़ाई-लिखाई कर रहे हैं उनको भी यदा-कदा सुनने मिल जाता है कि बुआ जी, मामी जी आदि-आदि किसी से कह रहीं थीं कि लगता है बूढापें तक पढ़ता रहेगा।

न जाने क्या पढ़ रहा है आदि-आदि। और गनीमत तो तब हो जाती है जब उनका अपने बच्चों की नौकरी लग गई हो या कोई बिजनेस ही करते हों और रिश्तेदारों के हम- उम्र बच्चे बेरोजगार या अभी छात्र ही हों - कोई मौका छोड़ते नहीं तंज़ कसने का। लेकिन ऐसी स्थिति आयी क्यों ये सोचने वाली बात है - मेरे ख्याल से तो कारण एक ही है - हम खुद ऐसा ही करते है। लेकिन दुसरों से उम्मीद करते हैं कि उनका व्यवहार हमारे साथ अच्छा हो। रिश्तों की इस धूप-छांव में आत्मीयता की मीठी धूप पर आज स्वार्थ की काली बदली भी देखने को मिलती है। कड़ी प्रतिस्पर्धा ने इंसान को स्वार्थी और आत्मकेंद्रित बना दिया है। पहले किसी को उदास देखकर आसपास के लोग उससे कई सवाल पूछ डालते थे, पर आज अगर कोई अपनी परेशानियां शेयर भी करना चाहता है तो लोगों के पास सुनने का वक्त नहीं होता।

तभी तो आज परेशान लोगों को काउंसलर की जरूरत पड़ती है। भारतीय समाज तेजी से आत्मकेंद्रित होता जा रहा है, पर इसका कम से कम एक फायदा तो जरूर हुआ है कि मुश्किल में अगर कोई किसी की मदद नहीं कर पाता तो उसके निजी जीवन में अनावश्यक हस्तक्षेप करके उसे परेशान भी नहीं करता। आज हम अपनी जरूरतें अपने ही भीतर दफन करते जाते हैं तो कहीं गैरजरूरी बातों और चीजों को जीवन की जरूरत के रूप में अपना लेते हैं। वास्तविक जरूरतों को तवज्जो न देकर समाज में सबसे सर्वश्रेष्ठ और वैभव संपन्न बनने की चाह में न चुकता होने वाले अनचाहे असीमित कर्ज के बोझ तले दब जाने वाले लोगों को देख कर लगता है कि इस भूख की आखिरी मंजिल कहां होगी।

इस तरह जिंदगी के कुदरती रंग को खोते हुए बेमानी होड़ में शामिल होकर हम शायद यह ध्यान रखना भूल गए हैं कि इसके नतीजे भविष्य में बड़े दर्दनाक हो सकते हैं। यह वर्तमान में भी आसपास ही दिखने लगे हैं, जब अक्सर लोग इंसानी मूल्यो और संवेदनाओं के ऊपर अपने दिखावे की प्रवृत्ति को तरजीह देते दिखते हैं। या तो अपने ऐश्वर्य का प्रदर्शन उन्हें प्यारा होता है या फिर वे आभासी दुनिया के सुख को ही सच मान लेते हैं। जबकि इससे भावनाओं और संवेदनाओं की जमीन खोखली होती जाती है। सवाल है कि क्या ऐसे लोग खुद भी अपने साथ संवेदनहीन व्यवहार पसंद करेंगे? रिश्तों में संवेदनशीलता की परिभाषा बदली है। रिश्तों में आत्मीयता , संवेनशीलता में कमी आयी है।

मानव के अंतिम सफर में भौतिक दौलत नहीं काम आती है। मरे हुए व्यक्ति को यानी शव को चार कँधों पर यात्रा की जरूरत होती है। भौतिक संपदा संसार में ही रह जाती है। ताउम्र हमारे रिश्ते ही काम आते हैं जीवन के सफर में हर जन हमारे लिए उपयोगी है। बदलाव एक सहज प्रक्रिया है और इसे रोक पाना संभव नहीं है। सच तो यह है कि हर बदलाव में कोई न अच्छाई जरूर छिपी होती है। बस, जरूरत है उसके सकारात्मक संकेतों को पहचानने की।रिश्ते यानी संबंधों के प्रति संवेदनशील रहना यानी मानवीयता, प्रेम की कसौटी को बनाए रखना ही संवेदनशीलता को दर्शाता है। भारतीय संस्कृति और हमारे पूर्वजों ने, हर पीढ़ी दर पीढ़ी को रिश्तों के प्रति संवेदनशील रहना सिखाया है। लेकिन इक्कीसवीं सदी की तकनीकी की सदी ने मानव को मशीनीकरण, पदार्थवाद के धरातल पर खड़ा कर दिया है। जिससे मानव के स्वार्थ में मैं का प्रादुर्भाव हुआ है। समाज में रहते हुए एकाकी जीवन जीना दुष्कर भी है और महत्वहीन भी। जब तक हम पारस्परिक रूप से एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सौहार्द बनाकर नहीं रखेंगे, हमारी मुश्किलें और संघर्ष बढ़ते जायेंगे जो हमें अशांत, अस्वस्थ और दुःख की ओर ले जायेंगे, जिससे हम न केवल व्यक्तिगत रूप से बल्कि पारिवारिक और सामाजिक रूप से भी विकसित और सम्पन्न होने में बाधित होंगे। अतः जीवन कैसा भी हो, हमसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी जनों के प्रति प्रेम, आदर और सहयोगी होना नितांत आवश्यक है।

जीवन में वही सफल और सुखी हो सकता है, जिसके अधिक से अधिक जनों से संबंध मधुर होते हैं और यह कार्य न कठिन ही है, न मेहनत का। बस,हमें उदार,त्यागी, उत्साही,स्नेही, स्पष्टवादी, सरल, सहयोगी, निःश्छल और मर्यादित होना है, हम इन गुणों में जितने संवेदनशील होंगे। हम उतने परिपक्व और सामर्थ्यवान होते चलेंगे। इससे हमारे रिश्ते मधुर और मजबूत होंगे जो हमारे जीवन संघर्ष में आने वाली स्वभाविक मुश्किलों से उबरने में हमारे सहयोगी बनेंगे। ये हमें आत्मीयता देकर हमें सदैव निराश और हताश होने से बचाते हुए हमारे रक्षा कवच बनेंगे और ऐसे ही हम उनके लिए भी होंगे। अतः हमें रिश्तों को स्थायी, मधुर और मजबूती के लिए सदैव सजग और संवेदनशील रहना है ताकि हम किसी भी प्रकार से कमजोर कड़ी साबित न हों।

सील रहे रिश्ते सभी, बिना प्यार की धूप।
धुंध बैर की छा रही, करती ओझल रूप।।
सुख की गहरी छाँव में, रहते रिश्ते मौन।
दुख करता है फैसला, सौरभ किसका कौन।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

नवरात्रि के दोहे

दुर्गा माँ तुम आ गई,हरने को हर पाप।
संभव सब कुछ है तुम्हें,
तेरा अतुलित ताप।।
बढ़ता ही अब जा रहा,
जग में नित अँधियार।
करना माँ तुम वेग से,अब तो तम पर
वार।।
भटका है हर आदमी,
बना हुआ हैवान।
हे माँ! दे दो तुम ज़रा,
मानव-मन को मान।।
सद्चिंतन तजकर हुआ,
मानव गरिमाहीन।
दुर्गा माँ दुर्गुण हरो,सचमुच मानव दीन
छोटी-छोटी बच्चियाँ,हैं तेरा ही रूप।
उन पर भी तुम ध्यान दो,बाँटो रक्षा-धूप।।
हम सब हैं तेरा सृजन,तू सचमुच
अभिराम।

दुर्गा माँ तू तो सदा,रखती नव
आयाम।।
ये पल पावन हो गए,लेकर तेरा नाम।
यह जग दुर्गे है सदा,तेरा ही तो धाम
दुर्गा माँ तुम वेगमय,तुम तो हो
अविराम।
धर्म,नीति तुमसे पलें,साँचा तेरा नाम।।
दुर्गा माँ तुमने किया,मार असुर
कल्याण।
नौ रूपों में तुम रहो,पापी खाते बाण।।
सिंहवाहिनी दिव्य तुम,हम सब तेरे लाल।
दर्शन दो,हमको करो,हे माँ !आज निहाल।।

प्रो (डॉ) शरद नारायण खरे
मंडला, मध्यप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

65 ग्राम ब्राउन शुगर व 193 नग नशीले इंजेक्शन के साथ महिला व युवक गिरफ्तार

जब्त मादक पदार्थों की कीमत बताई जा रही 16 लाख...कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

16 लाख रुपए के ब्राउन शुगर व नशीले इंजेक्शन के साथ कोतवाली पुलिस ने महिला व युवक को गिरफ्तार किया है। ब्राउन शुगर व नशीले इंजेक्शन बेचने के लिए बंगाली चौक के पास ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी सुनील शर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत कोतवाली पुलिस को 19 अक्टूबर को मुखबिर से जानकारी मिली की शहर के बंगाली चौक के पास एक युवक व महिला काफी मात्रा में मादक पदार्थ बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश ड्क्षसह ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर युवक व महिला के पास रखे बैग की तलाशी ली तो 65 ग्राम ब्राउन शुगर व 193 नग नशीले इंजेक्शन पाया गया। जिसकी कीमत 16 लाख रुपए बताई जा रही है। जिसे पुलिस ने जब्त कर आरोपी राजकिशोर गुप्ता पिता पियूष गुप्ता उम्र 23 वर्ष निवासी सतिपारा अम्बिकापुर व साधना कसेर पति राजेश कसेर उम्र 32 वर्ष निवासी रतकालो थाना जयनगर जिला सूरजपुर हाल मुकाम बंगाली चौक अंबिकापुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। खुलासा के दौरान एएसपी पुपलेश कुमार उपस्थित थे। वहीं कार्रवाई में मुख्य रूप से सहायक उप निरीक्षक मनोज सिंह, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, महिला प्रधान आरक्षक अंजू एक्का, महिला आरक्षक स्मिता रागिनी, आरक्षक अतुल सिंह, समीनुल हसन फिरदौशी, अमृत सिंह, मनीष सिंह, शाहबाज अंसारी, जयदीप सिंह, रुपेश महंत, जितेश साहू शामिल रहे।

झारखंड के गढ़वा से लाते थे ब्राउन शुगर व नशीले इंजेक्शन

एसपी सुनील शर्मा ने बताया कि आरोपियों का कनेक्शन झारखंड से गढ़वा से जुड़ा है। ये वहीं से ब्राउन शुगर व नशीले इंजेक्शन सस्ते दामों पर लाकर अंबिकापुर व आस पास के क्षेत्रों में काफी महंगे दामों पर सप्लाई करते हैं। आरोपी गढ़वा से बस के माध्यम से मंगाता है और यहां बेचने का काम करता है। गिरफ्तार आरोपी राजकिशोर पूर्व में भी अवैध मादक पथार्थ की तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। वह काफी आदतन है। वह झारखंड के गढ़वा से ब्राउन शुगर व नशीले इंजेक्शन मंगवाकर महिला आरोपी साधना कसेर व स्वयं अंबिकापुर के आस पास के क्षेत्रों में सप्लाई करने का काम करता है।

ध्वनि प्रदूषण के लिए जारी हुए आवश्यक निर्देश

- संवाददाता -
सूरजपुर,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रो को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये है। जिसमें लाउड स्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्र या अन्य ध्वनि उत्पन्न करने वाले यंत्र का उपयोग सार्वजनिक स्थलों पर किया जा रहा हो तो उसकी सीमा उस क्षेत्र के परिवेशीय ध्वनि पैमाने से 10 डी.बी. (ए) से अधिक नहीं होना चाहिए या 75 डी.बी. (ए) से अधिक नहीं अथवा उनमें से जो भी कम है, से अधिक नहीं होनी चाहिए। लाउड स्पीकर या माईक सेट का उपयोग बिना जिला दण्डाधिकारी या अन्य सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति के बिना न किया जाये। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के मध्य किसी को भी ध्वनि विस्तारक यंत्र ड्रम या टॉम-टॉम या ट्रमपैट पीटने या ध्वनि उत्पन्न करने वाले किसी भी यंत्र के उपयोग की अनुमति नहीं दी जा सकती।

अतिसंवेदनशील क्षेत्रों जैसे अस्पताल, शिक्षण संस्थाएँ, अदालत, धार्मिक संस्थाएं आदि के कम से कम 100 मीटर दूरी तक पटाखे न फोड़े जाएं। इसी प्रकार इनसे 100 मीटर की दूरी तक प्रेशर हॉर्न या म्यूजिकल हॉर्न या अन्य किसी भी प्रकार का साउंड एम्पलीफायर का उपयोग प्रतिबंधित है। भारतीय दण्ड संहिता की धारा 268, 290 एवं 291 ध्वनि प्रदूषण से संबंधित है, तथा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 133 के अंतर्गत अनुविभागीय दण्डाधिकारी को ध्वनि प्रदूषण नियंत्रित करने हेतु अधिकार दिया गया हैं।

जिले के सर्व अनुविभागीय दण्डाधिकारी, सर्व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल अम्बिकापुर, सर्व तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी, सर्व थाना प्रभारी प्रत्येक थाना क्षेत्र में प्रावधान के उल्लंघन पर कार्यक्रम की वीडियोग्राफी करते हुए डी.जे., धुमाल सहित वाहनों को शत-प्रतिशत राजसात करने का लक्ष्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करेगें। आवश्यकतानुसार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत भी कार्यवाही की जायेगी।

फ्लाइंग स्क्वॉड और स्थैतिक निगरानी दल द्वारा चल रहा जांच अभियान, कलेक्टर एसपी ने तेजी लाने के दिए निर्देश

» सूचना तंत्र को मजबूत कर सघन निरीक्षण करने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के दिए निर्देश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने शुक्रवार को जिले में तैनात स्थैतिक निगरानी दलों और फ्लाइंग स्क्वॉड टीम के प्रभारियों की बैठक लेकर सूचना तंत्र को मजबूत करने और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच अभियान तेज करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पूरे जिले के फ्लाइंग स्क्वॉड दल के प्रभारी-कर्मचारी के साथ व्हीएसटी और व्हीव्हीटी टीम मौजूद रही। इस दौरान कलेक्टर श्री कुन्दन ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें। सघन अभियान के रूप में जांच करें। अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें जिससे एक भी संदिग्ध गतिविधि छूटने ना पाए। स्थानीय स्तर पर अपना सूचना तंत्र बनाए। राशि, सामग्री या कीमती वस्तुएं पकड़ने में तेजी के लिए नाकों पर आने जाने वाले हर वाहन की जांच करें। इस बात का भी ध्यान रखें कि इमरजेंसी की स्थिति में किसी को कोई परेशानी ना हो। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेते हुए काम करें। निर्वाचन कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार, सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं फ्लाइंग स्क्वॉड दल, स्थैतिक निगरानी दल के प्रभारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रथम रेण्डमाईजेशन के संबंध में हुआ प्रशिक्षण

- संवाददाता -
सूरजपुर,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार विगत दिवस जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें जिले में उपलब्ध ई.व्ही.एम. एण्ड व्ही.व्ही. पेट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन के उपरांत मशीनों को स्ट्रांग रूम में शिफ्ट करने व विधानसभा वार निर्धारित ई.व्ही.एम एण्ड व्ही. व्ही. पेट मशीनों को उनके स्ट्रांग रूम में व्यवस्थित रखने हेतु संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में संबंधित प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी तथा निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

निर्वाचन के प्रथम प्रशिक्षण में अनुपस्थित 17 अधिकारी, कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने मतदान दलों के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में मतदान दलों के प्रथम प्रशिक्षण से बिना उचित कारण के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही हो सकती है। गौरतलब है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के प्रथम प्रशिक्षण दिनांक 16 अक्टूबर 2023 को होलीक्रॉस कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल न्यू बिल्डिंग पटपरिया, अम्बिकापुर में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-01 का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था।

पीठासीन अधिकारी एवं 11 मतदान अधिकारी क्रमांक 01 अनुपस्थित थे। प्रशिक्षण में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही के कारण उक्त सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण देने स्वयं 23 अक्टूबर को जिला पंचायत सरगुजा में उपस्थित होने कहा गया है।

ग्रुप डांस में 20 प्रतिभागी पहुंचे सेमीफाइनल में

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

अनोखी सोच संस्था द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव के रंगारंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में गुरुवार को ग्रुप डांस का आयोजन किया गया। जिसमें नागपुर, ओड़िशा जैसे अन्तर्राज्यीय प्रतिभागियों के अलावा रायपुर, बिलासपुर, कटघोरा, रायगढ़, कोरिया एवं सरगुजा जिले के प्रतिभागियों ने मनमोहक एवं आकर्षक प्रस्तुति दी। जजों द्वारा बड़ी मशक्क से 20 प्रतिभागियों का चयन सेमीफाइनल के लिए किया गया, जज के रूप में वर्नीता भसीन, निर्मला, अंजनी पांडेय एवं मिस्टर सिब्ते हसन ने महती भूमिका निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारती सोनवानी, नीलम राजवाड़े, प्रियंका चौबे, मधु चौदहा, मंजूषा भगत, पूजा सोनी, दिनेश साहू, मनीष सिंह, हरमिंदर सिंह टिन्नी, विकास वर्मा, दिलीप भसीन, राकेश साहू उपस्थित रहे। जिनका संस्था के सदस्यों द्वारा यथोचित सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू, अभय साहू, पंकज चौधरी, भुनेश्वर साहू, चंद्रप्रताप सिंह, सुनील साहू, दिनेश गर्ग, राकेश शुक्ला, संतोष साहू, बनाफर केरकेट्टा, मोनू कुजूर, सत्यम साहू, बजरंग साहू, भक्कू मुंडा, राकेश मुंडा, अंकित केरकेट्टा, संदीप दास, प्रिंस सिंह, भोला सिंह, पंकज मुंडा, चांगुड़, सुधीर साहू, संदेश पासवान, राजा बाबू, अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

चार दिन पूर्व जेवर दुकान में हुई चोरी के मामले में दो नाबालिग सहित एक युवक गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

चार दिन पूर्व ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी के मामले में गांधीनगर पुलिस ने दो नाबालिग सहित युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों नाबालिगों को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है। वहीं युवक के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी सुनील शर्मा ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के बधियाचुवा निवासी हरेराम सोनी की गांधीनगर थाना क्षेत्र के भगवानपुर में माधुरी ज्वेलरी नामक दुकान है। 16 अक्टूबर की रात को वह दुकान बंद कर घर चला गया था। 17 अक्टूबर की सुबह हरेराम को जानकारी मिली की दुकान का ताला टूटा हुआ है। दुकान संचालक ने जाकर देखा तो दुकान से सोने का पुराना मंगलसूत्र सहित चांदी के नये एवं पुराने जेवर नहीं थे। दुकान परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज देखने पर 3 अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक से आकर घटना को अंजाम देने की बात सामने आई। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर गांधीनगर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 457, 380, 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही थी। सीसीटीवी फुटेज व तकनिकी जानकारी प्राप्त कर पुलिस ने दो नबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों अपचारी बालकों ने दो युवकों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने इनके निशानदेही पर वेद सिंह पिता धर्मदेव सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी मंगारी जूनापारा थाना सीतापुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इसके कब्जे से चोरी की जेवरात व घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त की है। पुलिस ने दोनों नबालिकों को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है। वहीं वेध सिंह के खिलाफ अपराध दर्ज कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गाधीनगर निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा, थाना प्रभारी बतौली उप निरीक्षक सीपी तिवारी, उप निरीक्षक अलगो दास, सहायक उप निरीक्षक भूपेश सिंह, विवेक पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक शशिप्रभा दास, प्रधान आरक्षक गणेश कदम, आरक्षक अमित विश्वकर्मा ब्रिजेश राय, संजीव चौबे, विकास सिंह, राहुल सिंह, ऋषभ सिंह राजकुमार यादव, अरविन्द उपाध्याय, उमाशंकर साहू शामिल रहे।

सभी आरोपी बादी गिरोह के हैं सदस्य

एसपी ने बताया कि घटना में दो नबालिक सहित चार लोग शामिल थे। जिसमें दोनों नबालिगों व एक आरोपी को गिरफ्तार कर ली गई है। जबकि एक अन्य आरोपी जो की फरार है। ये चारो आरोपी दो अलग-अलग बाइक से सीतापुर से अंबिकापुर आकर दिन में रेकी करते थे। सुनसान व जहां सीसीटीवी नहीं लगे होते हैं वैसे दुकानों को निशाना बनाते हैं। यह सभी आरोपी बादी गिरोह के हैं।

युवक ने पेड़ पर लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

शहर से लगे खैरबार लोंगापानी में एक युवक ने अज्ञात कारण से अपने घर के बाहर कटहल पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस मामले की जांच की। मनीष बेग उर्फ डॉक्टर उम्र 32 वर्ष कोतवाली क्षेत्र के खैरबार स्थित लोंगापानी का रहने वाला था। इसकी शादी नहीं हुई थी। वह घर में अकेले रहता था। इस लिए काफी तनाव में रहता था। गुरुवार की रात करीब 9 बजे से शुक्रवार की सुबह 5 बजे के बीच अज्ञात कारण वे वह अपने घर के बाहर कटहल पेड़ पर फांसी लगा ली। गांव वालों ने देखा तो मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की और शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई के लिए पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

शराब के नशे में गिरकर जख्मी महिला की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

जयनगर थाना क्षेत्र के मोरभंज निवासी एक महिला शराब के नशे में 19 अक्टूबर को सडक़ पर गिर गई थी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। महेश्वरी पति सोहर साय गोड़ उम्र 40 वर्ष जयनगर थाना क्षेत्र के मोरभंज की रहने वाली थी। वह शराब पीने की आदी थी। 19 अक्टूबर को शरबा सेवन कर घर आ रही थी तभी नशे की हालत में वह सडक़ पर गिर गई और गंभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अब बिना वीजा के 90 दिनों तक अमेरिका यात्रा कर सकेंगे इस्राइली नागरिक,गृह सुरक्षा विभाग ने की घोषणा

वॉशिंगटन,20 अक्टूबर 2023 । इस्राइली नागरिक अब बिना वीजा के नब्बे दिनों तक अमेरिका की यात्रा कर सकते हैं। अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने इसकी घोषणा की है। यह एलान इस्राइली यात्रियों के लिए उस वीजा छूट कार्यक्रम (वीडब्ल्यूपी) के क्रियान्वयन में तेजी लाता है, जो शुरू में 30 नवंबर से शुरू होने वाला है।

सीएनएन के मुताबिक, बाइडन प्रशासन ने पिछले इस बात की पुष्टि की थी कि वीडब्ल्यूपी में इस्राइल को शामिल किया गया है। इससे पात्र इस्राइली यात्रियों को बिना वीजा के अमेरिका में प्रवेश करने की अनुमति मिल गई। हालांकि, ताजा घोषणा में कहा गया है कि अमेरिका अब तय समय से पहले आवेदन स्वीकार कर रहा है।

इसमें आगे कहा गया, इस अवसर का लाभ उठाने के लिए पात्र यात्रियों को यूएस कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (सीबीपी), इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम फॉर ट्रैवल ऑथराइजेशन (ईएसटीए) के जरिए प्राधिकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अर्हता प्राप्त करने के लिए यात्रियों के पास बायोमेट्रिक रूप से सक्षम पासपोर्ट होना चाहिए और 90 दिनों से अधिक समय तक अमेरिका में रहने की योजना नहीं होनी चाहिए।

डीएचएस ने कहा, गैर-बायोमेट्रिक, अस्थायी या आपातकालीन यात्रा दस्तावेज या गैर वीजा छूट कार्यक्रम नामित देश से यात्रा दस्तावेज वाले यात्री पात्र नहीं हैं और उन्हें अमेरिकी वीजा के लिए आवेदन करना चाहिए। डीएचएस ने कहा, जैसे कि जो लोग अमेरिका में 90 दिनों से अधिक समय तक रहने की योजना बना रहे हैं या अमेरिका में अपने प्रवास का विस्तार करने या अपनी स्थिति बदलना चाहते हैं, उनके लिए वीजा पर यात्रा करना अभी भी कुछ यात्रियों के लिए सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, फिलहाल यह आवेदन केवल अंग्रेजी में उपलब्ध है, लेकिन डीएचएस की योजना इसे एक नवंबर से बाद में अन्य भाषाओं में पेश करने की है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि इस्राइल-हमास युद्ध के 14वें दिन में प्रवेश करने के साथ अमेरिका ने स्पष्ट कर दिया है कि सहायता गाजा में नागरिकों तक पहुंचनी चाहिए, न कि हमास तक।

मिलर ने कहा कि इस्राइल सरकार को चिंता है कि गाजा में जाने वाली सहायता को डायवर्ट कर दिया जाएगा, क्योंकि गाजा में इस्राइली सैन्य बल और संयुक्त राष्ट्र शांति सेना की कोई मौजूदगी नहीं है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

अमेरिका के विदेश मंत्रालय गुरुवार को दुनियाभर की यात्रा कर रहे अमेरिकी नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। ट्रैवल एडवाइजरी में कहा गया, दुनियाभर के विभिन्न स्थानों पर बढ़ते तनाव, अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ आतंकवादी हमलों, प्रदर्शनों या हिंसक कार्रवाइयों की आशंका के मद्देनजर विदेश मंत्रालय विदेश में रह रहे अमेरिकी नागरिकों को अधिक सावधानी बरतने की सलाह देता है।

एडवाइजरी में कहा गया है, अमेरिकी नागरिकों को उन स्थानों पर सतर्क रहना चाहिए, जहां पर्यटक अक्सर जाते हैं।%इसमें अमेरिकी नागरिकों से स्मार्ट ट्रैवलर एनरोलमेंट प्रोग्राम में पंजीकरण कराने का भी आग्रह किया गया है, ताकि वे सूचना और अलर्ट प्राप्त कर सकें व विदेश में आपात स्थिति में आसानी से मिल सकें।

पीएम ऋषि सुनक की कंजरवेटिव पार्टी को झटका,दो सीटों पर हुए उपचुनावों में लेबर पार्टी से मिली बड़ी हार

नई दिल्ली,20 अक्टूबर 2023। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी को शुक्रवार को दो सीटों पर हुए उपचुनावों में भारी हार का सामना करना पड़ा है। उसे मिड बेडफोर्डशायर और टैमवर्थ में विपक्षी लेबर पार्टी के हाथों पराजय झेलनी पड़ी है।ऐसे समय में जब सुनक इजरायल-गाजा संघर्ष पर संकट वार्ता के लिए मध्य पूर्व का दौरा कर रहे हैं, लेबर नेता कीर स्टार्मर ने एलान किया है कि कि उनकी पार्टी राजनीतिक मानचित्र को फिर से तैयार कर रही है।

लेबर पार्टी ने मिड बेडफोर्डशायर में टैमवर्थ में टोरी बहुमत को पार करते हुए पहली बार सीट जीती और टैमवर्थ में टोरीज को लेबर पार्टी ने 23.9 प्रतिशत वोट से हराया। स्टार्मर ने कहा, ÷टोरी के इन गढ़ों में जीत से पता चलता है कि लोग भारी बदलाव चाहते हैं और वे इसे देने के लिए हमारी बदली हुई लेबर पार्टी में अपना विश्वास रखने के लिए तैयार हैं।÷

आम चुनाव के वर्ष से पहले होने वाले उपचुनावों को मतदाताओं के मूड को प्रतिबिंबित करने के रूप में देखा जा रहा है और सत्तारूढ़ टोरीज इन परिणामों से हिल जाएंगे। यह ऐतिहासिक परिणाम लेबर पार्टी के लिए अब तक उपचुनाव में दूसरी सबसे बड़ी हार है। राष्ट्रव्यापी जनमत सर्वेक्षणों में भी टोरीज पीछे चल रहे हैं। ऐसे में ये नतीजे 2024 में संभावित आम चुनाव से पहले लेबर पार्टी के लिए राहत भरा है।

कंजरवेटिव पार्टी के अध्यक्ष ग्रेग हैंड्स ने कहा कि परिणाम निराशाजनक हैं लेकिन उन्होंने इसके लिए टोरी के मतदाताओं के मतदान नहीं करने को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने बीबीसी को बताया, स्पष्ट रूप से हमारे लिए, मुझे लगता है कि यह सही है कि हमारे कई मतदाता सरकार से नाखुश हैं। हमें स्पष्ट रूप से उन्हें वापस जीतने के लिए एक काम करना है।

माना जा रहा है कि पूर्व कैबिनेट मंत्री और बोरिस जॉनसन के वफादार नादिन डोरिस के मिड बेडफोर्डशायर में लंबे समय पहले इस्तीफा देने से पूर्वी इंग्लैंड सीट को काफी नुकसान पहुंचा है। वेस्ट मिडलैंड्स के टैमवर्थ में सांसद क्रिस पिंचर ने शराब पीकर दुर्व्यवहार करने के आरोप में इस्तीफा दे दिया था। ग्रेग हैंड्स ने स्वीकार किया कि उपचुनावों की पृष्ठभूमि के बारे में मतदाताओं के बीच स्थानीय स्तर पर रोष टोरी की हार के लिए आंशिक रूप से जिम्मेदार रहा।

बाइडेन ने अमेरिकियों से की इज़राइल व यूक्रेन का समर्थन करने की अपील

वाशिंगटन ,20 अक्टूबर 2023। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने देश के नागरिकों से इजरायल और यूक्रेन का समर्थन करने का आग्रह किया।

ओवल कार्यालय से राष्ट्र के नाम एक संबोधन में राष्ट्रपति ने इतिहास में इस क्षण को एक महत्वपूर्ण बिंदु बताया।

उन्होंने अमेरिकी लोगों से अपील की और यूक्रेन, इजराइल, ताइवान और अमेरिकी सीमा पर सहायता और संसाधन पहुंचाने के लिए कांग्रेस से लगभग 100 बिलियन डॉलर की अनुमति का अनुरोध किया।

बाइडेन ने कहा, हमास और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अलग-अलग खतरों का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन वे इसे साझा करते हैं- वे दोनों पड़ोसी लोकतंत्र को नष्ट करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा,हम एक महान राष्ट्र के रूप में अपनी जिम्मेदारियों के रास्ते में क्षुद्र पक्षपातपूर्ण, क्रोधपूर्ण राजनीति को नहीं आने दे सकते। हम हमास जैसे आतंकवादियों और पुतिन जैसे अत्याचारियों को जीतने नहीं दे सकते और न ही जीतने देंगे।

उन्होंने जारी युद्धों को राष्ट्रीय सुरक्षा अनिवार्यता और दुनिया भर में अमेरिकी नेतृत्व और लोकतंत्रों के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बताया।

उन्होंने कहा कि दोनों युद्धों के लिए समर्थन अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

इतिहास ने हमें सिखाया है कि जब आतंकवादी अपने आतंक के लिए कीमत नहीं चुकाते हैं, जब तानाशाह अपनी आक्रामकता के लिए कीमत नहीं चुकाते हैं, तो वे अधिक अराजकता, मृत्यु और अधिक विनाश का कारण बनते हैं।

अगर हम यूक्रेन में सत्ता और नियंत्रण के लिए पुतिन की भूख को नहीं रोकते हैं, तो वह खुद को सिर्फ यूक्रेन तक ही सीमित नहीं रखेंगे। अगर हम चले जाते हैं और पुतिन को यूक्रेन की आजादी को खत्म करने देते हैं, तो यह दुनिया के भविष्य के लिए खतरनाक साबित होगा।

उन्होंने कहा, संघर्ष और अराजकता का खतरा दुनिया के अन्य हिस्सों में फैल सकता है इंडो पैसिफिक में, मध्य पूर्व में, खासकर मध्य पूर्व में।

बाइडेन ने बताया कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा प्राथमिकताओं के अलावा, इजराइल और यूक्रेन के लिए पूरक वित्त पोषण के लिए तत्काल बजट अनुरोध प्रस्तुत करेंगे।

राजनैतिक दलों के समक्ष हुआ ई.व्ही.एम.का पहला रेण्डमाइजेशन

- संवाददाता -
सूरजपुर,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल व राजनीतिक दलों के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभा चुनाव के लिए जिले के विधानसभा क्षेत्रों में उपयोग होने वाले ई.व्ही.एम. और व्ही.व्ही. पैट मशीनों का प्रथम लेवल रेंडमाइजेशन आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत ई.व्ही.एम आबंटन की प्रक्रिया पर उठने वाले सवालों और आपत्तियों की आशंका को खत्म किया जाता है। ईएमएस सॉफ्टवेयर से कंप्यूटर उपलब्ध सभी ई.व्ही.एम के नंबरों की सूची को दर्ज किया जाता है। फिर ईएमएस सॉफ्टवेयर अपने आप इन मशीनों को विधानसभाओं के बीच वितरित कर देता है। जिसके बाद कोई दल यह आरोप नहीं लगा सकेगा कि जानबूझकर कोई मशीन किसी विशेष विधानसभा अथवा बूथ में भेजी गई है।

इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा उपस्थित राजनीतिक दल के सदस्यों को नामांकन फॉर्म से संबंधित जानकारी भी दी गई और ई.व्ही.एम, व्ही.व्ही.पैट वेयरहाउस का अवलोकन भी कराया गया।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, रवि सिंह रिटर्निंग ऑफिसर (04) प्रेमनगर, श्री सागर सिंह राज रिटर्निंग ऑफिसर (05) भटगांव एवं श्रीमती दीपिका नेताम रिटर्निंग ऑफिसर (06) प्रतापपुर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक

- संवाददाता -
सूरजपुर,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देषानुसार स्वीप नोडल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओड़गी के विद्यार्थीयों ने यह शपथ लिया कि हम अपने माता-पिता परिवार के अन्य सदस्यों तथा घर के आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे तथा शत् प्रतिशत मतदान कराने में अपनी भागीदारी निभायेंगें। गांव के लोगों से रूबरू होकर लोकतंत्र की परिभाषा समझाते हुये उन्हें मतदान क्यों आवश्यक है, समझाने का प्रयास करेंगें। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, प्रदीप कुमार सिंह, बी.पी.ओ. मोहम्मद महमूद, संकुल शैक्षिक समन्वयक संजय देव पाण्डेय, विद्यालय के राजेश सिंह, अंजना गुर्जर, एवं संस्था के समस्त स्टाफ मौजूद रहे। यह कार्यक्रम में किया जा रहा है।

ई.व्ही.एम., व्ही.व्ही. पैट, स्वीप एवं स्वास्तिक की आकृतियां बनाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

- संवाददाता -
सूरजपुर,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंदरई में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देषन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा के मार्गदर्षन में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कंदरई के छात्र-छात्राओं के द्वारा ई.व्ही.एम., व्ही.व्ही. पैट, स्वीप एवं स्वास्तिक आदि आकृति प्रदर्शित की गई तथा विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण करते हुए रैली का आयोजन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। विशाल मानव श्रृंखला में उपस्थित समस्त छात्रों एवं कर्मचारियों तथा ग्रामीणों को जिला सहायक स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती लता बेक के द्वारा मतदाता जागरूकता का शपथ दिलाया गया, इस अवसर पर प्राचार्य, संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाए, प्राथमिक एव माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक, जनशिक्षक, विकासखंड स्तरीय स्वीप नोडल सुनील कुमार पोर्ते, सुदर्शन दास, अजय कुमार देवांगन, बी.पी.ओ. जयराम प्रसाद उपस्थित थे।

21 अक्टूबर को अधिसूचना का प्रकाशन,नाम निर्देशन की प्रक्रिया हो जायेगी शुरू

- **कलेक्टर एवं एसपी ने नाम निर्देशन की प्रक्रिया के सुगम संपादन के लिए तैयारियों का लिया जायजा,जिला कोर्ट मार्ग से गेट नंबर 02 प्रवेश के लिए अभ्यर्थी हेतु आरक्षित**
- **नाम निर्देशन प्रस्तुत करने अभ्यर्थी के साथ केवल चार व्यक्तियों को आरओ कार्यालय परिसर में प्रवेश की अनुमति, नामनिर्देशन हेतु प्रयोग किए जाने वाले वाहनों की अधिकतम संख्या होगी तीन**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारणी के अनुरूप 21 अक्टूबर को अधिसूचना का प्रकाशन किया जायेगा। इसके बाद नाम निर्देशन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने जिले में नाम निर्देशन की प्रक्रिया के सुगम संपादन के लिए शुक्रवार को तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में अभ्यर्थियों और उनके साथ आने वाले प्रस्तावक के बैठने सहित सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

निर्वाचन कार्य में संलग्न कलेक्टरेट कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों तथा नामांकन दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों हेतु प्रवेश मार्ग अलग-अलग रखा गया है। अधिकारी-कर्मचारियों हेतु कलेक्टरेट परिसर के मेन गेट से एंट्री रखी जाएगी, वहीं सिविल कोर्ट मार्ग से गेट नम्बर 02 से अभ्यर्थियों की एंट्री हेतु आरक्षित किया गया है।

अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित गेट नंबर 2 में जानकारी अंकित की गई है। मुख्य मार्ग से प्रवेश गेट तक आने में तीन बैरिकेडिंग लगाई गई है और कला केंद्र मैदान में पार्किंग व्यवस्था की गई है। नाम निर्देशन हेतु आने जाने में किसी तरह की अव्यवस्था ना हो, इसके लिए ठेले गुमटियों को अन्यत्र स्थापित कर व्यवस्थित किया जा रहा है जिससे उन्हें भी कोई समस्या ना हो।

नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय के जन सूचना अधिकारी कक्ष, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के लिये न्यायालय नजूल अधिकारी कक्ष एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के लिये न्यायालय अपर कलेक्टर अम्बिकापुर कक्ष निर्धारित किया गया है। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थी के साथ केवल चार व्यक्ति रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में प्रवेश कर सकते हैं। नामनिर्देशन हेतु प्रयोग किए जाने वाले वाहनों की अधिकतम संख्या 03 होगी। नामांकन के समय किसी प्रत्याशी एवं उनके समर्थकों के तीन से अधिक वाहन आरओ या एआरओ कार्यालय के 100 मीटर के दायरे के भीतर नहीं आयेंगे।

गौरतलब है कि निर्वाचन समय सारणी के अनुसार 21 अक्टूबर 2023 को अधिसूचना का प्रकाशन किया जायेगा। इसके बाद अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन जमा की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नाम निर्देशन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 होगी। 31 अक्टूबर को स्क्रूटनी की जाएगी तथा 2 नवंबर तक नाम वापसी की जा सकेगी।

विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति की जा चुकी है। निर्वाचन हेतु पर्याप्त सुरक्षा बल की व्यवस्था की जा रही है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन नॉमिनेशन एफिडेविट एवं ऑनलाइन ही सिक्युरिटी डिपॉजिट जमा करने की सुविधा प्राप्त है। नॉमिनेशन फॉर्म के प्रिंट आउट के साथ आवश्यक दस्तावेज रिटर्निंग ऑफिसर को हार्ड कॉपी में जमा करना अनिवार्य होगा। विधानसभा 09-लुण्ड्रा एवं 11-सीतापुर विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है। अतः इस निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के लिए जमा की जाने वाली निक्षेप राशि रुपये 5 हजार रुपए होगी एवं विधानसभा अम्बिकापुर क्षेत्र सामान्य वर्ग के लिये आरक्षित होने से अभ्यर्थियों के लिए जमा की जाने वाली निक्षेप राशि 10 हजार रूपये होगी।

वेदांती नौवें ब्राह्मण टिकट मिलना मुश्किल, महिला प्रत्याशी को देना है मौका

अशोक की संभावना नहीं,वर्तमान विधायक का सर्वे रिपोर्ट खराब...

उन्हें देना नहीं है तो बैकुंठपुर विधानसभा का कांग्रेस प्रत्याशी कौन होगा ?

कांग्रेस के बड़े नेताओं ने बैकुंठपुर विधानसभा को लेकर ऐसा फंसाया पेंच की सभी संभावित दावेदार लगा रहे अभी तक राजधानी की रेस

विधानसभा से प्रत्याशी वर्तमान विधायक ही होंगी तय,अन्य दावेदारों को उलझाकर नेताओं ने खेला खेल

बैकुंठपुर विधानसभा में राजनीतिक के बड़े खिलाड़ी माने जाने वाले नेताओं ने ऐसा प्रत्याशियों को लेकर अरझाया कि टिकट तो वर्तमान विधायक को ही मिलेगा

क्या जानबूझकर ब्राह्मणों का कोटा बाकी जगहों पर पूरा कर दिया ताकि बैकुंठपुर विधानसभा में देना ना पड़े ?

सारे महिलाओं का टिकट फाइनल कर दिया गया सिर्फ बैकुंठपुर विधानसभा को ही रोक के रखा गया ताकि महिला को लेकर पेंच फंसा रहे

विधानसभा के महिला प्रत्याशी ही चुनाव में पार्टी की प्रत्याशी होगी यह तय नजर आ रहा है

बैकुंठपुर विधानसभा से वर्तमान महिला विधायक निर्वाचित हैं और इस विधानसभा के महिला प्रत्याशी ही चुनाव में पार्टी की प्रत्याशी होगी यह भी तय नजर आ रहा है क्योंकि अविभाजित कोरिया जिले के नजरिए से यदि देखा जाए तो तीन विधानसभाओं में से दो विधानसभा में पुरुष प्रत्याशी पार्टी ने घोषित कर दिया है वहीं एक विधानसभा शेष बची है जहां महिला दावेदार को ही मौका मिलेगा यह लगभग तय नजर आ रहा है वहीं पार्टी की मंशा भी ऐसी ही नजर आ रही है, बैकुंठपुर विधानसभा से महिला प्रत्याशी को ही मौका मिलेगा यह इसलिए भी तय नजर आ रहा है कांग्रेस पार्टी में क्योंकि भाजपा ने भी अविभाजित कोरिया जिले की तीन विधानसभाओं में से एक में महिला प्रत्याशी मैदान में उतारा है और महिला मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में लाने एक प्रयोग किया है और यह भी एक कारण है की कांग्रेस भी अविभाजित कोरिया जिले से एक महिला उम्मीदवार प्रत्याशी बतौर मैदान में उतारेगी जो बैकुंठपुर विधानसभा से होगा यह तय है वहीं पार्टी वर्तमान विधायक पर ही दांव लगाएगी यह भी लगभग तय माना जा रहा है और इस मामले में सूत्रों की माने तो इसीलिए इस विधानसभा सीट के प्रत्याशी के नाम का पार्टी ऐलान नहीं कर रही है क्योंकि पार्टी अभी सभी अन्य प्रबल दावेदारों को टटोल रही है और उन्हे किसी बड़े नुकसान से रोकना चाहती है जो वह जल्द प्रत्याशी घोषित होने की स्थिति में कर सकते हैं वहीं विलंब से प्रत्याशी घोषित किए जाने पर उन्हें कम मौका मिलेगा और पार्टी वर्तमान विधायक पर दांव लगाने में कामयाब हो जायेगी।

क्या बड़े नेता दावेदारी से यह कहा कर बाहर कर देंगे की बैकुंठपुर विधानसभा सीट महिला प्रत्याशी के लिए आरक्षित है ?

बताया जा रहा है की बैकुंठपुर विधानसभा से वर्तमान विधायक का नाम पूरी तरह तय है और उनके प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर घोषणा होना ही मात्र शेष है लेकिन उनका विरोध ज्यादा है पार्टी से ही उनके पक्ष में समर्थन मिलना असंभव नजर आ रहा है इसलिए पार्टी के बड़े नेता पेंच लगाकर इस सीट पर अन्य दावेदारों को फिलहाल टटोल रहे हैं और अंत में उन्हे यह कहकर बड़े नेता दावेदारी से बाहर कर देंगे की बैकुंठपुर विधानसभा सीट महिला प्रत्याशी के लिए आरक्षित है और इसलिए अन्य की दावेदारी खारिज की जाती है। बैकुंठपुर विधानसभा से महिला दावेदार और भी प्रत्याशी बनने की दौड़ में हैं लेकिन उन्हे भी एक एक करके बड़े नेता कोई न कोई कारण बताकर उनकी दावेदारी समाप्त करते जा रहे हैं जिससे वर्तमान विधायक की दावेदारी पुख्ता हो सके जो पार्टी ने पहले से ही तय कर रखी है और जिसकी घोषणा मात्र शेष है जो औपचारिकता मात्र है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है की बैकुंठपुर विधानसभा में पार्टी का प्रत्याशी तय किया जा चुका है जो वर्तमान विधायक ही हैं और अन्य दावेदारों को धीरे धीरे किसी तरह समझाया जाए मनाया जाए उनकी दावेदारी क्यों समाप्त की जा रही है यह कारण उन्हें जतलाया जाए और उन्हे आश्वस्त किया जाए की सभी संभावनाओं को लेकर उनके नाम पर भी विचार किया गया और उसके बाद समीक्षा में वर्तमान विधायक ही प्रत्याशी बतौर सही दावेदार हैं इसलिए उनके लिए ही सभी काम करें उनकी जीत तय करें।

क्या कांग्रेस अंतिम समय में बैकुंठपुर विधानसभा का प्रत्याशी चुनेगी ताकि बगावती लोग बगावत न कर सके ?

बैकुंठपुर विधानसभा में प्रत्याशी को लेकर कांग्रेस अंतिम समय में कोई निर्णय लेगी यह भी तय नजर आ रहा है क्योंकि बैकुंठपुर विधानसभा में वर्तमान विधायक का पार्टी के ही कार्यकर्ताओं बड़े नेताओं के बीच काफी विरोध है। पार्टी या दो बड़े नेता यह भी जानते हैं की बैकुंठपुर से अन्य कई दावेदार टिकट के ऐसे हैं जो यदि बगावत कर गए पार्टी की हार तय है। पार्टी के यही दो बड़े नेता इसलिए इस सीट से प्रत्याशी का ऐलान करने में विलंब करना चाहते हैं जिससे बगावत करने वालों को कम मौका मिल सके क्योंकि दोनो बड़े नेताओं की मंशा है की वर्तमान विधायक को ही टिकट मिले विरोध भले ही उनका प्रबल हो पार्टी के भीतर ही। कुल मिलाकर विलंब का मतलब यही माना जा रहा है की विरोध जो वर्तमान विधायक को टिकट मिलने के बाद होना है उसे कम किया जा सके उसके प्रभाव को कम किया जा सके।

बगावत को खत्म करने के लिए अशोक जायसवाल पर भी दांव लगाया जा सकता था

वर्तमान विधायक का रिपोर्ट कार्ड सबसे खराब गया था पार्टी सर्वे के अनुसार वर्तमान विधायक चुनाव में काफी कमजोर प्रत्याशी साबित होंगी बैकुंठपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ वहीं सर्वे में पार्टी के सबसे प्रबल दावेदार वेदांती तिवारी को माना गया है लेकिन वह जाती आधार पर अब तक दिए गए टिकट संख्या के आधार पर योग्य नहीं हैं यह पार्टी ने साबित करने की कोशिश की है,अब सर्वे में दूसरे नंबर पर अशोक जायसवाल का नाम है उन्हे पार्टी टिकट दे सकती थी लेकिन पार्टी यह कहकर उनके नाम पर भी पेंच फंसा दी की महिला प्रत्याशी ही बैकुंठपुर से तय किया जाना है इसलिए वह भी योग्य नही माने जायेंगे कुल मिलाकर वर्तमान विधायक को टिकट देने जो जो पैंतरा अपनाया जा सकता है वह पार्टी के दो बड़े नेता अपना रहे हैं। अशोक जायसवाल को लेकर भी पार्टी में सर्व स्वीकार्यता बन सकती थी लेकिन वर्तमान का ही टिकट तय करना मुख्य उद्देश्य है और इसलिए महिला प्रत्याशी का बहाना है यह सूत्रों का कहना है।

महिला को लेकर पेंच फंसा रहेगा तो अशोक जायसवाल का भी नंबर नहीं लगेगा

अंतिम समय में प्रत्याशी का नाम होगा सार्वजनिक,विरोध के लिए भी अन्य दावेदारों के पास नहीं होगा समय

कांग्रेस के बड़े नेताओं के चक्कर में फंसकर अभी तक दावेदार लगा रहे उनके घर घर चक्कर,वर्तमान विधायक आश्वस्त टिकट उनकी तय

क्या महिला दावेदार को मौका देने के नाम पर खत्म किया जायेगा अन्य प्रबल दावेदारों का मौका ?

प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने कुल 7 विधानसभाओं में अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं उसमे से बैकुंठपुर विधानसभा भी एक है जहां अभी तक पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है और एक तरह से अभी पार्टी ने यह स्पष्ट नहीं किया है की बैकुंठपुर से किसे पार्टी मौका देने वाली है। आठ ब्राह्मण को टिकट दे चुके नववें ब्राह्मण वेदांती को नहीं देंगे, महिला देना है पर आशा साहू का कही नाम नही है, वर्तमान विधायक का सर्वे रिपोर्ट खराब है,अशोक जायसवाल को देना नहीं है क्योंकि महिला देना जरूरी है, कांग्रेस के बड़े नेताओं ने ऐसा पेंच फसाया की देना अंत में टिकट वर्तमान विधायक को ही पड़ेगा, कुछ ऐसा ही इशारा करती हैं अभी तक की स्थितियां परिस्थितियां सिर्फ समय काटना ही क्या कांग्रेस का उद्देश्य? दिग्भ्रमित हो रहे है बैकुंठपुर विधानसभा कांग्रेसी। बैकुंठपुर विधानसभा से कांग्रेस अभी भी प्रत्याशी तय नहीं कर पाई है सारे लोग अंबिकापुर डिप्टी सीएम के पास मिलने पहुंचे थे पर सभी को यही आश्वासन दिया गया है कि देखते हैं पर क्या देखते हैं इसका पता नहीं, पता तो तभी चलेगा जब सूची जारी होगी। बड़े नेताओं का सिर्फ एक ही बयान है देखते हैं। अब इस देखते दिखाने के चक्कर में टिकट देने में हो रही है देरी।

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

ज्ञात हो की जो इस समय बैकुंठपुर में कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर चल रहा है वह किसी पहली से काम नहीं है राजनीति के बड़े खिलाड़ी माने जाने वाले दो दिग्गज नेताओं ने मिलकर बैकुंठपुर विधानसभा में प्रत्याशी को ऐसा पेंच फसाया है की लोग दौड़ते रहे पर प्रत्याशी तो अंत में वर्तमान विधायक ही तय होंगी, यदि उलझे हुए पेंच को समझा जाए व सूत्रों से मिलिजानकारी पर गौर किया जाए तो कांग्रेस ने आठ ब्राह्मणों को पहले से ही प्रत्याशी तय कर चुकी है, जिस वजह से बैकुंठपुर विधानसभा में ब्राह्मण को प्रत्याशी नहीं बनाया जाएगा, यदि बनाया गया तो ब्राह्मण प्रत्याशियों की संख्या हो जाएगी 9 जिस वजह से उनकी संख्या बढ़ जाएगी, जबकि सर्वे में सबसे प्रबल दावेदार ब्राह्मण समाज से वेदांती तिवारी माने जा रहे हैं पर सर्वे रिपोर्ट भी इस जगह पर आकर फेल हो जा रही, क्योंकि ब्राह्मण को अब टिकट नहीं दिया जा सकता, अब सर्वे रिपोर्ट के अनुसार बचे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल इनके लिए यह बात सामने आ रही है की महिला देना है इस वजह से यह भी बैकुंठपुर विधानसभा के प्रत्याशी नहीं बन सकते, जबकि कांग्रेस चाहती तो इन्हें भी प्रत्याशी बनाकर उलझे हुए प्रत्याशी के मसले को सुलझा सकती थी पर इस मसले में भी उलझे रहना ही कांग्रेस ज्यादा जरूरी समझ रही, महेंद्रगढ़ विधानसभा में महिला प्रत्याशी देना तय था पर एनवक्त में प्रत्याशी चेंज हो गए, और बैकुंठपुर विधानसभा में महिला प्रत्याशी को लेकर पेज फंसा दिया गया,अब यह कहा जा रहा है कि इस विधानसभा में महिला ही प्रत्याशी देना है महिला प्रत्याशी में वर्तमान विधायक तो आती हैं पर इनका सर्वे रिपोर्ट अच्छा नहीं है जिस वजह से आशा साहू का नाम उछाला गया पर यह नाम ना तो बैकुंठपुर से गए प्रत्याशी सूची में है और ना ही राज्य से गए प्रत्याशी सूची में है और ना ही सर्वे रिपोर्ट में है ऐसे में इस नाम को कैसे फाइनल करें यह भी नाम फाइनल होना संभव नहीं है इस दृष्टिकोण से अन्यथा यही समझ में आ रहा है की फाइनल तो वर्तमान विधायक का ही होना है जो तय है।

सभी दावेदारों को लेकर हुई समीक्षा,सभी की दावेदारी पर किया गया विचार तब जाकर तय हुआ एक नाम,यह भी पार्टी जताएगी,इसलिए भी विलंब से टिकट तय किया जायेगा-सूत्र

बैकुंठपुर विधानसभा से सभी संभावित दावेदारों की दावेदारी पर गंभीरता से विचार किया गया सभी को लेकर सभी संभावनाएं टटोली गई तब जाकर एक नाम तय हुआ ,सभी को लेकर गहन चर्चा विमर्श हुआ किसी के साथ उसकी दावेदारी को लेकर समझौता नहीं किया तब जाकर एक नाम तय किया गया यह भी पार्टी सभी दावेदारों को जताना चाहती है इसलिए भी वह टिकट तय करने में विलंब कर रही है, वहीं एक तरह से यह एक अभिनय प्रकिया है सब कुछ तय है वहीं वर्तमान का टिकट तय है इसलिए सभी को संतुष्ट कर टिकट अंत में वर्तमान को ही दिया जायेगा यह तय लग रहा है यह सूत्रों का कहना है।

दावेदारों की परेड कराकर उन्हें जा रहा है भांपा,कौन कितना कर सकता है नुकसान यह भी हो रहा आंकलन

सूत्रों की माने तो बैकुंठपुर विधानसभा से वर्तमान विधायक ही कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी होंगी यह तय है,अन्य दावदारों की परेड राजधानी तक केवल इसलिए कराई जा रही है की जिससे भांपा जा सके ही कौन कितना नुकसान पहुंचा सकता है,फिर किसे किस तरह मनाना है यह भी पार्टी विचार करेगी।

यदि बैकुंठपुर से आशा साहू को प्रत्याशी घोषित किया जाएगा तो क्या वर्तमान विधायक इनके साथ खड़ी होंगी ?

एक महिला दावेदार का भी नाम सामने आया जो वर्तमान विधायक के अलावा दावेदार हैं पार्टी से टिकट की,आशा साहू जो जनपद उपाध्यक्ष भी हैं जो कभी विधायक की ही करीबी थीं उनकी खास थी वह दावेदार हैं उनके नाम को भी महिला प्रत्याशी बतौर दौड़ में टिकट के शामिल माना जा रहा है,अब सवाल उठता है की यदि उन्हे टिकट मिलता है तो वर्तमान विधायक उनके साथ खड़ी होंगी क्या उनका साथ देंगी,वैसे बताया जा रहा है की आशा साहू की भी दावेदारी दो बड़े नेता कमजोर करने में लगे हुए हैं उन्हे भाजपा मानसिकता से प्रेरित बताकर साबित कर उनकी दावेदारी भी समाप्त की जा सकती है जिसके पीछे भी वर्तमान विधायक को ही टिकट देना उद्देश्य है।

वर्तमान विधायक की वजह से ही आशा साहू का नाम राजनीति के क्षेत्र में बड़ा हुआ था

आशा साहू जनपद उपाध्यक्ष हैं यह भी कहना गलत नहीं होगा की वर्तमान विधायक ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया उनका नाम बड़ा हो सका,अब आज स्थिति ऐसी है की वही विधायक की टिकट की दौड़ में हैं, इसलिए माना जा रहा है की वर्तमान विधायक उनके साथ खड़ी नहीं होगी किसी हाल में साथ नहीं देंगी।

आशा साहू को लेकर वरिष्ठ कांग्रेसी भी नहीं होंगे एक ऐसे में इन्हें प्रत्याशी घोषित कर कैसे दिलाएंगे जीत ?

आशा साहू के नाम से वरिष्ठ कांग्रेसी भी एक होंगे यह नहीं लगता वहीं आशा साहू जनपद उपाध्यक्ष रहते हुए एक ऐसे आंदोलन में शामिल हुई थीं जिसमे भाजपा का नेतृत्व शामिल हुआ था जो भाजपा का ही आंदोलन था,भाजपा नेताओं से उनकी नजदीकी वहीं भी वजह है की वरिष्ठ कांग्रेसी उनके लिए एक होंगे,वह उपाध्यक्ष रहते कभी कांग्रेस जनों के साथ खड़ी हुई साथ दी यह भी उदाहरण नहीं देखा गया। जब जनपद सीईओ को हटाने आंदोलन हुआ था भाजपा ने किया था उसमे जब उपाध्यक्ष शामिल हुई थीं तब जिलाध्यक्ष कांग्रेस ने उक्त आंदोलन में पार्टी का हांथ नहीं होने शामिल नही होने का भी प्रेस विज्ञप्ति जारी किया था। कुल मिलाकर आशा साहू को लेकर कांग्रेसी शायद एक हों क्योंकि उनके ऊपर पार्टी लाइन से हटकर काम करने का आरोप लगा हुआ है।

क्या टिकट में पेंच बड़े नेताओं के रणनीति का हिस्सा, टिकट वर्तमान विधायक का ही होगा तय ?

बैकुंठपुर विधानसभा से वर्तमान विधायक का प्रत्याशी बनना तय है वहीं उनके नाम की औपचारिक घोषणा ही शेष है नाम तय पहले ही हो चुका है यह सूत्रों का कहना है। टिकट में पेंच फंसाकर बड़े नेता विधानसभा से अन्य दावेदारों को अंतिम समय तक उलझाकर रखना चाहते हैं जिससे उन्हें विरोध का ज्यादा समय न मिले। वर्तमान विधायक को ही प्रत्याशी घोषित किए जाने के लिए ही जल्दबाजी पार्टी के बड़े नेता नहीं दिखाना चाहते क्योंकि इससे पार्टी से टिकट के अन्य दावेदारों में विद्रोह की स्थिति उत्पन्न हो सकती है वह बगावत कर सकते हैं।

क्या प्रत्याशी की घोषणा देर से करके बड़े नेता अन्य दावेदारों को अंतिम समय तक उलझाकर रखना चाहते हैं ?

बैकुंठपुर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से टिकट के लिए वर्तमान विधायक सहित 51 अन्य ने दावेदारी की है, 51, अन्य में से 5 अन्य अभी भी प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर उम्मीद में हैं, पार्टी के बड़े नेता वर्तमान विधायक को ही प्रत्याशी बनाने के पक्ष में हैं वहीं अन्य प्रबल दावेदार खुद की दावेदारी मजबूत बता रहे हैं जो है भी,बताया जा रहा है इसलिए पार्टी के बड़े नेता इस विधानसभा के प्रत्याशी की घोषणा अंतिम समय में करना चाहते हैं अन्य दावेदारों को उलझाकर रखना चाहते हैं जिससे उन्हें टिकट नहीं मिलने की स्थिति में विरोध विद्रोह का कम मौका मिले और वर्तमान विधायक को लेकर सभी की स्वीकार्यता बन सके।

पार्टी सर्वे में जो हैं टिकट के प्रबल दावेदार उन्हे प्रत्याशी बनाए जाने से रोकने ही बड़े नेताओं की यह पेंच है

बैकुंठपुर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी ने टिकट नहीं दिया है किसी को वहीं बताया जा रहा है टिकट को लेकर सब कुछ तय है वहीं वर्तमान विधायक ही टिकट पाने वाली हैं,पार्टी सर्वे अनुसार जो टिकट के प्रबल दावेदार हैं उन्हे पार्टी के दो बड़े नेता टिकट देने के पक्ष में नहीं हैं जबकि चुनाव जीतने की स्थिति में वहीं हैं। सर्वे के विपरीत जाकर टिकट वर्तमान विधायक को दिलाने वाले बड़े नेता पेंच लगाकर यह साबित करना चाहते हैं की पार्टी सीट पर पूरी तरह आश्वस्त होकर टिकट देगी वहीं सभी सर्वे रिपोर्ट आधार होगी।कुल मिलाकर एक प्रबल दावेदार को रोकना उद्देश्य है और इसीलिए टिकट में विलंब है।

पार्टी सर्वे में वर्तमान विधायक किसी स्थिति में जिताऊ नहीं,नई सर्वे रिपोर्ट में उन्हे जिताऊ बनाकर किया जायेगा पेश तब की जाएगी प्रत्याशी की घोषणा:सूत्र

सूत्रों की माने तो पार्टी के आंतरिक सर्वे में वहीं अन्य सभी सर्वे में वर्तमान विधायक का नाम जिताऊ प्रत्याशी बतौर शामिल नहीं है वहीं इसके लिए एक सर्वे रिपोर्ट फिर तैयार कराई जा रही है जो उनके पक्ष में होगी उसके बाद टिकट तय कर दिया जायेगा जो पहले से ही तय है।

सेंट्रल बैंक खड़गवां का लिंक आए दिन रहता है फेल:हितग्राही त्रस्त

सेंट्रल बैंक शाखा खड़गवां में आये हितग्राही घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद लिंक फेल होना हितग्राहियों को बताया जा रहा हैं,खड़गवां सेंट्रल बैंक हितग्राहियों की शिकायत सुनने वाला कोई नहीं है...

-संवाददाता-
खड़गवां,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

खड़गवां सेंट्रल बैंक में ग्रामीणो के द्वारा आये दिन किसी ना किसी बात को लेकर चर्चा में रहता है कि खड़गवां सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा में आए हितग्राहियों को घंटों इंतजार के बाद लिंक फेल होना बता कर वापस किया गया जिससे हितग्राहियों में काफी रोष दिखाई दे रहा है इन हितग्राहियों में कई हितग्राही सरकारी कर्मचारी भी है जो बैंक संस्था से कुछ समय के लिए छुट्टी लेकर बैंक के काम के लिए आते हैं और कई कर्मचारियों को बैंक का काम करते हुए कार्यलय भी पहुंचना होता है और उन्हें घंटों इंतजार के बाद लिक फेल होना बताकर वापस कर दिया जाता है। सेंट्रल बैंक में हितग्राही ने बताया कि निकासी फार्म के लिए भी घंटों इंतजार के बाद प्राप्त हो रहा है बैंक में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है सेंट्रल बैंक खड़गवां में हितग्राहियों को बैंक के काम के लिए या बैंक के दस्तावेज प्राप्त करने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है सेंट्रल बैंक शाखा खड़गवां आये हितग्राहियों ने बताया कि पिछले दो दिनों से बैंक आ रहे हैं कल आये तो पता चला कि बैंक के गेट पर लिक फेल होने का बोर्ड लगा हुआ था और आज बैंक आये तो एक घंटे लाइन में खड़े होने के बाद बैंक के स्टाफ ने बताया कि लिंक फेल है ये समस्या खड़गवां के सेंट्रल बैंक शाखा में ही आये दिन बनी रहती है अगर किसी हितग्राही के द्वारा गलती से पूछ लिया कि ऐसा क्यों होता है तो ये कहा जाता है कि ज्यादा बहस करते हो ग्रामीण आंचल से आए ग्रामीण ने भी सेंट्रल बैंक में हो रही समस्या से काफी परेशानी हो रही है। इस तरह सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया खड़गवां की व्यवस्था भगवान भरोसे संचालित है। बैंक के हितग्राही शिकायत करे भी तो किससे कौन है इनका सुनने वाला जिससे ये हितग्राही शिकायत कर सके?

अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा आपके भरोसे हैं शत-प्रतिशत मतदान का जिम्मा

कोरिया जिले की माताएं मतदान में बढ़चढ़कर भाग लें...कोरिया क्रिएटिव से भरा जिला है : श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी

-संवाददाता-
कोरिया,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

आज एक दिवसीय दौरे पर पहुंची सरगुजा संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने बैकुंठपुर के सेंट जोसेफ अंग्रेजी स्कूल में करीब 500 महिलाओं से चुनावी प्रशिक्षण से रूबरू हुई।

उन्होंने प्रशिक्षण ले रही महिला अधिकारी-कर्मचारी से ईवीएम व वीवीपैट के संचालन, संधारण कार्यों को भी जाना। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आप लोगों के भरोसे है कि कोरिया जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराना और यह तभी सम्भव है जब आप लोग अपनी जिम्मेदारी पूर्वक और ईमानदारी से कार्य करेंगे।

संभागायुक्त श्रीमती राजपूत तिवारी ने कहा कि दिव्यांग व 80 वर्ष या उनसे ऊपर के मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था के तहत मतदान केंद्र तक लाने ले जाने में मदद करें। श्रीमती राजपूत तिवारी ने कहा कि यह जिला क्रिएटिव से भरा है। उन्होंने मतदान करने के लिए शपथ भी दिलवाई। अधिकारियों- कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है, इसलिए निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को गम्भीरता से लें और करें। आप सबकी जवाबदेही है कि आप लोग निष्पक्ष और निर्भिक होकर निर्वाचन कार्य के हिस्से बने ।

संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने सेंट जोसेफ स्कूल से आकर जिला कलेक्ट्रेट में रिटर्निंग अधिकारियों के कक्ष का निरीक्षण किया और अधिकारियों से निर्वाचन सम्बंधी आवश्यक जानकारी भी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मतदान तिथि पहले तक सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लें। मतदान केंद्रों में व्हीलचेयर, पानी, बिजली, शेड व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। ईवीएम मशीन के सम्बंध में भी आवश्यक जानकारी ली। एसएसटी, एफएसटी दल, चेक पोस्ट, नाके, वाहनों की जांच, अवैध रूप से बिक्री होने वाले मदिरा आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने कहा कि आप लोगों का यह प्रशिक्षण बहुत उपयोगी साबित होगा। साथ ही यह भी कहा कि स्वयं मतदान करेंगे ही, अपने सगे-सम्बंधी व पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर श्रीमती नंदिनी साहू, एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

राजनैतिक दल के सदस्यों की बैठक हुई आयोजित

आदर्श आचार संहिता,एमसीएमसी,नाम निर्देशन तथा चुनाव व्यय की दी गई जानकारी

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देशानुसार आज सभा कक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल सिदार एवं सी.एस. पैकरा ने राजनैतिक दल के सदस्यों को आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान निर्वाचन हेतु निम्न बिन्दुओं पर प्रशिक्षण दिया। आदर्श आचार संहिता, मीडिया अनुप्रमाणन, चुनाव व्यय निगरारी सुविधा एप्प तथा पोस्टल बैलेट की जानकारी दी गयी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दल के सदस्यों को बताया कि सभा, रैली रोड़ शो, वाहन, लाउडस्पीकर के लिए अनुमति लेना आवश्यक है। इन सबके लिए सुविधा एप्प का उपयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही नामनिर्देशन की सुविधा सुविधा पोर्टल पर उपलब्धता की जानकारी दी गयी। निर्वाचन की सूचना का प्रमाणन (नाम निर्देशन) का प्रारम्भ की तिथि 21 अक्टूबर, नाम निर्देशन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर, संवीक्षा तिथि 31 अक्टूबर, नाम वापसी के अंतिम तिथि 02 नवम्बर, मतदान तिथि 17 नवम्बर एवं मतगणना तिथि 03 दिसम्बर है। 21 अक्टूबर को रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्वाचन की लोक सूचना का प्रकाशन (प्रारूप 1) में किया जायेगा और इसी दिनांक से नाम निर्देशन कार्य 11 बजे से प्रारम्भ होकर 03 बजे तक चलेगा। नामांकन अवधि में अभ्यर्थी को केवल तीन वाहन को 100 मीटर के अन्दर आने की अनुमति होगी। अभ्यर्थी सहित 05 व्यक्ति को रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के अन्दर आने की अनुमति होगी। एक व्यक्ति अधिकतम 04 सेट में नामांकन दाखिल कर सकता है। यह नामांकन पत्र नामांकन दिवस में केवल 11 बजे से 03 बजे के बीच आर.ओ. या ए.आर.ओ. को निर्धारित स्थल पर दाखिल किया जा सकता है। विधानसभा निर्वाचन हेतु निक्षेप राशि 10 हजार रुपये है किन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विक्षेप राशि 5000 (पांच हजार रुपये) है। यह राशि आर.ओ., ए.आर.ओ. के समक्ष नगद रूप में या चालान के माध्यम से जमा किया जायेगा। नाम निर्देशन के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य राजनैतिक दल हेतु एक प्रस्ताव के आवश्यकता होगी। जबकि पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल और निर्दलीय प्रत्याशी हेतु 10 प्रस्तावक की आवश्यकता होगी। प्रस्तावक को संबंधित विधानसभा क्षेत्र का मतदाता होना चाहिए। नाम निर्देशन के लिए फार्म 2 ब का प्रयोग किया जायेगा। चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन फार्म को पूर्ण रूपेण भरकर अभ्यर्थी एवं प्रस्तावक द्वारा हस्ताक्षरित शपथ फार्म 26 के सभी स्तंभों को भरकर नामांकन दिवस आर.ओ., ए.आर.ओ. के समक्ष निर्धारित समय के बीच प्रस्तुत करना होगा। नामांकन फाइल भरने के कम से कम एक दिन पूर्व अभ्यर्थी द्वारा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, पोस्ट ऑफिस, सहकारी बैंक में निर्वाचन के प्रयोजन से बैंक खाता खोला जायेगा, जो बैंक बुक प्रावधानिक होगा। दस खाते का नम्बर नामांकन फाईल भरते समय देना होगा। यह खाता अभ्यर्थी के नाम से या अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता के संयुक्त नाम से खोला जायेगा।

इस दौरान राजनैतिक दल के जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ से आदित्य राज डेविड, सुनील सोनवानी, आर्य राज डेविड, कांग्रेस पार्टी के अशोक श्रीवास्तव, सौरव मिश्रा, मेहुल यादव, भाजपा से आशीष मजूमदार, राजेन्द्र दास, अंकुर जैन, आनन्द ताम्रकार, आशीष विकास, राम नरेश राय, राहुल मजूमदार, गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी जनजीवन सिंह उईके, सोनकुंवर मरकाम, एसडीएम श्रीमती अभिलाषा पैकरा, मूलचंद चोपड़ा, बिजयेन्द्र सारथी, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण भगत, राजकुमार खाती सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस ने चेकिंग के दौरान 02 किलो 200 ग्राम कीमती करीब 158400 रुपए चांदी के आभूषण को किया गया जप्त

-संवाददाता-
कोरबा,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

जिला पुलिस अधीक्षक जितेन शुक्ला द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित दिए गए हैं । जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिंसन गुड़िया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हरदीबाजार नितिन उपाध्याय के नेतृत्व में दिनांक 19.10.2023 को हरदीबाजार स्टॉफ द्वारा कसियाडीह-निरतू बलौदा मार्ग पर कसियाडीह बैरियर के पास सभी आने जाने वाले वाहनों का चेकिंग किया जा रहा था। इसी दौरान निरतू बलौदा की ओर से एक व्यक्ति मोटर सायकल में आया जिसे रोककर पूछताछ किया गया । जिन्होने अपना नाम विनोद कुमार सोनी पिता स्व. लक्ष्मीप्रसाद सोनी उम्र 48 वर्ष साकिन श्याम बाजार बलौदा थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा का रहने वाला बताया और उसके मोटर सायकल के डिक्की को चेक करने पर डिक्की में रखे चांदी के आभूषण जुमला वजन 02 किलो 200 ग्राम जुमला कीमती 1,58,400 रूपये मिला जिसके संबंध में बिल मांगने पर कोई बिल पेश नही किया गया। जिससे उक्त वस्तु को जप्त कर धारा 102 जा.फौ. के अंतर्गत विधिवत कार्यवाही किया गया है। आगामी चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने लगातार चेकिंग की जा रही है।

दिन-दुखियों की सेवा करना मेरा परम धर्म:जयसिंह अग्रवाल

-संवाददाता-
कोरबा,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

कांग्रेस के जन-प्रिय उम्मीदवार जयसिंह अग्रवाल ने दर्री जोन में सघन जनसंपर्क कर विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित किया। उनकी जनसभाओं में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर व्यापक जन समर्थन प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने अपने संबोधन में साफ तौर पर कहा कि किसी भी गरीब की झोपड़ी टूटने नहीं देंगे और हर व्यक्ति को उनकी जमीन का हक मिलेगा। इसीलिए राज्य सरकार ने पट्टा कानून बनाया हैं ताकि किसी भी गरीब की झोपड़ी शासकीय जमीन से हटायी ना जा सकें। दिन-दुखियों की सेवा मेरा परम धर्म हैं। राजनीति में सेवा कार्य करने के लिए आया हूँ और अपना धर्म निभा रहा हूँ। श्री अग्रवाल ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि कुछ लोग गुमराह करते हुए लोंगो को भ्रम में डालने का कार्य कर रहे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत हैं। भ्रम फैलाने वाले लोग गरीबों के हितैषी कभी भी नहीं हो सकते। कोरबा औद्योगिक नगरी होने के कारण यहां पर विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों की खाली जमीन हैं जिसका उपयोग आने वाले समय में किया जायेगा।

आम जनता के हित में छोटे भू-खण्ड़ो की रजिस्ट्री प्रारंभ की गई हैं। जबकि पिछले शासन में बंद कर दिया गया था। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। कोरबा में मेड़िकल कॉलेज प्रारंभ किया गया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए। जिसमें गरीबों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, गणवेश प्रदान किया जा रहा हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्वामी आत्मानंद कोचिंग सेंटर खोले गए हैं। जहां मुक्त में कोचिंग दी जा रही हैं। आने वाले समय में और बदलाव किया जायेगा। उन्होंने दावा किया कि छत्तीसगढ़ मे फिर एक बार कांग्रेस की सरकार बनेगी। छत्तीसगढ़ में पहली बार कोरबा में छत्तीसगढ़ महतारी का मंदिर भवानी मंदिर के समीप बनाया गया। भव्य राम दरबार का निर्माण किया गया। शासकीय कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल किया गया। जयसिंह अग्रवाल दर्री, क्षेत्र के प्रेमनगर, अयोध्यापुरी, गोपालपुर, भाठापारा, कुदूरमाल, पुर्नवास, बरेड़ीमुड़ा, डुमरमुड़ा, सीएसईबी कॉलोनी आदि क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया । इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, राजेन्द्र तिवारी, सुधीर जैन, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सर्वजीत सिंह, पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर, पार्षद सुनील पटेल, अनिल द्विवेदी, अमीताब श्रीवास्तव, विनोद अग्रवाल, विकास अग्रवाल, मनीराम साहू, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. एल पी साहू, बिसाहू दास, रेखा त्रिपाठी, आशीष अग्रवाल सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी साथ थें।

उचित मूल्य की दुकानों में मतदाता जागरूकता का किया जा रहा प्रचार-प्रसार

-संवाददाता-
कोरबा,20 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी विश्वदीप के निर्देशन में जिले में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में जहां पिछली बार राज्य के औसत से कम मतदान हुए है, वहां के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में जागरूकता अंतर्गत फ्लेक्स बैनर लगाकर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही जितने भी लोग मिल रहे हैं, उन्हें मतदाता जागरूकता टीम के द्वारा समझाया जा रहा है कि चुनाव में बिना डर भय लोभ और प्रलोभन के निष्पक्ष वोट डालना है। मतदाता भी यह संकल्प ले रहे हैं कि हम सभी अपने मन से वोट डालेंगे। हम किसी के बहकावे में नही आयेंगे। टीम प्रभारी अनिल रात्रे ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में जहां-जहां पिछले दिनों मतदान कम हुए हैं, वहां के मतदाताओं को विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए वोट डालने प्रेरित किया जा रहा है।

न्यायालय नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)

रा0प्र0क्र0/अ-21/2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखलाल आ0 जमीरा, व अन्य 06, निवासी ग्राम रनपुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा (छ0ग0) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम रनपुरखर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 733 रकबा 0.462 हे0 में से 0.020 हे0 भूमि पुराने जर्जर मकान के मरम्मत हेतु रूपयों के आवश्यकता होने के कारण अनावेदिका परबी कुजूर आ0 जुसफ कुजूर निवासी मेन रोड करचा, तहसील चांदो, जिला-बलरामपुर (छ0ग0) को रू0 4,00,000/- (चार लाख रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जाच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30/10/2023 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 10/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

महिला इंडियन ओपन में दीक्षा दूसरे,वाणी तीसरे स्थान पर

महिला इंडियन ओपन में भारतीयों की मजबूत शुरुआत,नॉर्वे के स्टावनार ने बढ़त बना ली

गुरुग्राम,20 अक्टूबर 2023। लीडरबोर्ड के शीर्ष पर एक मजबूत भारतीय उपस्थिति थी क्योंकि टूर्नामेंट से पहले की पसंदीदा दीक्षा डागर (67) और अपने घरेलू कोर्स में खेल रही पुनरुत्थानवादी वाणी कपूर (68) ने शीर्ष तीन स्थानों में से दो पर कब्जा कर लिया। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में महिला इंडियन ओपन के पहले दौर के बाद। दीक्षा ने शुरुआती बोगी पर काबू पाया और बाद में छह बर्डी लगाई और लीडर नॉर्वेजियन मैडलीन स्टावनार (66) से एक शॉट पीछे रहीं, जो लेडीज यूरोपियन टूर पर अपनी पहली जीत की तलाश में हैं।

घरेलू प्रशंसकों को उत्साहित करते हुए स्थानीय वाणी कपूर ने 4-अंडर 68 का स्कोर बनाया।

जैसे ही दीक्षा और वाणी दिन के अंत में लीडरबोर्ड पर आगे बढ़ीं, शौकिया विधात्री उर्स ने दिखाया कि भारतीय महिलाएं ताकतवर हो सकती हैं क्योंकि उन्होंने 2-अंडर 70 का स्कोर करके टी-6 स्थान प्राप्त किया, जबकि एक अन्य शौकिया अवनि प्रशांत इस स्थान पर रहीं। पिछले साल का सर्वश्रेष्ठ एमेच्योर, अंतिम आठ होल में तीन बोगी के बावजूद 1-अंडर 71 के साथ टी-10 था। अवनि एमेच्योर के लिए प्रतिष्ठित क्वीन सिरिकिट कप और अगस्त में पेशेवरों के लिए एलईटी एक्सेस टूर पर स्वीडन में अहलसेल फाइनल की विजेता है।

एक अन्य भारतीय गौरिका बिश्नोई (72) एक राउंड के बाद टी-17 पर थीं, जिसमें एक बोगी और एक डबल बोगी के मुकाबले तीन बर्डी थीं।

दीक्षा, जो इस सप्ताह जीत के साथ रेस टू कोस्टा डेल सोल स्टैंडिंग में शीर्ष पर जा सकती हैं, ने कहा, ÷आज मेरे लिए (दसवीं टी से) धीमी शुरुआत थी क्योंकि 11वें होल पर, मैं क्लब के साथ भ्रमित थी चयन। इसलिए मैं टी शॉट के बारे में आश्वस्त नहीं था। कोई बात नहीं, मैं ऊपर और नीचे कर सकता था। लेकिन यह ठीक था, बाद में मैंने छह बर्डी लगाई और मेरे पास एक ठोस राउंड था।

÷दसवें होल (कोर्स के पहले) पर, मैंने एक बहुत लंबा बर्डी पुट लगाया जो ढलान में ऊपर और नीचे था। यह 35 फुट का था।

उन्होंने आगे कहा, मेरे खेल के बारे में, सभी पहलू काफी अच्छे हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात, पुट लगाना मुख्य बात थी और मैंने आज अच्छा पुट लगाया।÷

दूसरे दौर के लिए अपनी उम्मीदों पर उन्होंने कहा, कल के दौर के लिए, मुझे सुबह के दौर पसंद हैं। मैं सुबह खेलना पसंद करती हूं क्योंकि मुझे अच्छा लगता है। साथ ही, आपको धूप में खेलने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि दोपहर में यह गर्म हो सकता है।

दो दिन पहले भारतीय स्ट्रीट फूड का स्वाद चखने के लिए वाणी और

अमनदीप ड्रेल के साथ सारा केजेलकर (73) के साथ आए लीडर स्टावनार के पास छह बर्डी और कोई बोगी नहीं होने के कारण क्लीन कार्ड था। स्टावनार ने तीन पार के साथ शुरुआत की और फिर चौथे, छठे, सातवें और नौवें पर चार बर्डी लगाकर 4-अंडर में आ गए। उसने 13वें और 15वें मिनट में बढ़त हासिल की और अपने कार्ड से बोगी को दूर रखा।

पूरे रास्ते मुस्कुराते हुए, स्टावनार ने कहा, ÷मैं बहुत खुश हूं। यह उन दिनों में से एक है जहां गोल्फ दूसरों की तुलना में थोड़ा आसान लगता है। यह कोर्स आसान नहीं है इसलिए 66 शुरुआत में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेगा।÷

मैंने वास्तव में स्थिर खेला और मुझे लगता है कि मैंने आज 17 ग्रीन्स मारे हैं जो जाहिर तौर पर चीजों को थोड़ा आसान बनाता है। लेकिन फिर भी, ग्रीन्स बहुत आसान नहीं हैं। मुझे बस लगा कि मैंने मानसिक और तकनीकी रूप से वास्तव में अच्छा काम किया है।÷

वाणी कपूर, जिन्हें स्पेन में अगले एलईटी कार्यक्रम के लिए शीर्ष -60 में आने के लिए इस सप्ताह अच्छे प्रदर्शन की आवश्यकता है, ने तीन पार के साथ दसवें स्थान पर शुरुआत की और फिर लगातार चार बर्डी लगाई।

उन्होंने कहा, मैंने काफी अच्छे बर्डी लगाए। मैंने 13वें से 16वें तक एक के बाद एक चार बर्डी लगाए। मैं बस उन पर सवार होती रही और फिर थोड़ा खराब स्थिति में आ गई। मैंने 18वां बर्डी लगाई और चूक गई।÷

दूसरे पर एक चिप आउट जो थोड़ा परेशान करने वाला था लेकिन फिर से वे सिर्फ लिप आउट थे। उसने पांचवें और आठवें पर बर्डी हासिल की।

उन्होंने आगे कहा, मैंने खुद को कई मौके दिए, पूरे समय धैर्य बनाए रखा और मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जो काम कर गया।÷

सीज़न के बारे में उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मेरा खेल पूरे साल अच्छा रहा है, लेकिन दुर्भाग्य से सभी स्कोर एक साथ नहीं आ रहे हैं। यह बस टुकड़ों में आता है। इसलिए, मैं बस कटौती कर रही हूं, लेकिन मैं कोई अच्छा अंत नहीं हुआ।÷

सुबह की लहर में एमेच्योर विधात्री और अवनी के राउंड अच्छे नहीं रहे। विधात्री, जिन्होंने तीन बोगी के मुकाबले पांच बर्डी लगाईं, ने कहा, मुझे पता था कि आज कोर्स थोड़ा कड़ा होने वाला है और फ्रंट नाइन में पिन पोजीशन थोड़ी तंग थी। इसलिए मैं इसे पार्स में खत्म करना चाहती थी। और फिर पिछले नौ में कुछ छेद बहुत आसान थे। इसलिए मैं बस इसके लिए गया।

अवनि ने पहले 10 होल में चार बर्डी के साथ जोरदार शुरुआत की और फिर पुटर ठंडा पड़ गया। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, ÷मुझे ग्रीन्स का आदी होने में थोड़ा समय लगा क्योंकि वे सुबह काफी धीमी गति से खेल रहे थे। लेकिन अन्यथा, बैक नाइन में पिन की स्थिति काफी अच्छी थी और फिर मैंने योजना को पूरी तरह से क्रियान्वित किया और एक बार जब मुझे हरियाली की आदत हो गई, तो पुट वास्तव में गिरने लगे। और फिर पिछले नौ में ठंड हो गई।÷

महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में सलीमा,संगीता,निक्की घरेलू प्रशंसकों के सामने प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित

रांची,20 अक्टूबर 2023। प्रतिष्ठित झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 की शुरुआत में सिर्फ एक सप्ताह शेष है, भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी सलीमा टेटे, निक्की प्रधान और संगीता कुमारी सभी जिनमें से झारखंड से हैं, ने आगामी टूर्नामेंट के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में भारत जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा।

सविता टूर्नामेंट में भारतीय महिला हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगी और दीप ग्रेस एक्का उनकी डिप्टी होंगी। भारत टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत शुक्रवार, 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगा।

भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड संगीता ने प्रमुख टूर्नामेंट के लिए रांची लौटने पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मैंने अपना पहला टूर्नामेंट रांची में तब खेला था जब मैं अंडर-14 टीम में थी और हमने हॉकी झारखंड के लिए कांस्य पदक जीता था। बाद में, मैंने यहां सब जूनियर स्तर पर भी खेला। हालांकि, रांची में इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजन म भाग लेने का यह मेरा पहला मौका होगा। मैं घरेलू प्रशंसकों के सामने जाने का इंतजार नहीं कर सकता, जो जोरदार प्रदर्शन करेंगे। अपना समर्थन दिखाने के लिए।

संगीता को बचपन में शहर में मैच खेलने की अच्छी यादें हैं और वह राज्य में हॉकी के विकास पर गर्व महसूस करती हैं। जब मैं छात्रावास पहुंचा, तो वहां कुछ सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। पहले, राज्य से केवल कुछ ही खिलाड़ी निकलते थे। हालांकि, अब झारखंड में राष्ट्रीय टीम में कई खिलाड़ी हैं। हॉकी टर्फ और उपकरण सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं।÷ पिछले कुछ वर्षों में, हॉकी इंडिया और झारखंड सरकार ने राज्य में हॉकी के विकास को सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत की है।

थाईलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच के बाद, भारत शनिवार, 28 अक्टूबर 2023 को मलेशिया से भिड़ेगा। भारत अपने तीसरे गेम में सोमवार, 30 अक्टूबर को चीन से भिड़ेगा और फिर मंगलवार, 31 अक्टूबर को जापान से मुकाबला करेगा। गुरुवार, 2 नवंबर को कोरिया के खिलाफ अंतिम पूल गेम। टूर्नामेंट का

सेमीफाइनल और फाइनल क्रमशः शनिवार, 4 नवंबर और रविवार, 5 नवंबर को खेला जाएगा।

इस बीच, भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर निक्की प्रधान, जो पहले ही भारत के लिए 150 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय कैप अर्जित कर चुकी हैं, ने कहा कि टूर्नामेंट से राज्य के युवा खिलाड़ियों को मदद मिलेगी।

मुझे खुशी है कि हॉकी इंडिया और झारखंड सरकार ने यहां रांची में इस तरह के एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन करने का फैसला किया है। राज्य में हॉकी बढ़ रही है, और यह टूर्नामेंट खेल के उत्थान को और बढ़ावा देगा। जल्द ही, वह समय आएगा जब हमारा राज्य अपने सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों के कारण जाना जाएगा। राज्य में हमारे युवा खिलाड़ियों को भी इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

निक्की ने यह भी खुलासा किया कि उनके परिवार के सदस्य रांची में भी अंतरराष्ट्रीय हॉकी खेलते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं और उन्हें उम्मीद है कि टूर्नामेंट शुरू होने के बाद वे स्टेडियम को पैक कर देंगे।

यह पहली बार होगा जब इस स्तर का कोई अंतर्राष्ट्रीय आयोजन यहां रांची में खेला जा रहा है। मेरे परिवार के सभी सदस्य, चचेरे भाई-बहन और दोस्त बहुत उत्साहित हैं और मुझे फोन करके पूछते रहते हैं कि मैच कब शुरू होंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि सभी उनमें से भीड़ का हिस्सा होंगे। इससे मुझे थोड़ी घबराहट होती है लेकिन मैं अपने प्रियजनों के सामने प्रदर्शन करने के लिए भी उतना ही उत्साहित हूं। यह महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का सातवां संस्करण होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम ने 2016 में खिताब जीता और 2018 में उपविजेता रही। इसलिए, टीम का लक्ष्य अच्छा प्रदर्शन जारी रखना और पोडियम पर समाप्त करना होगा।भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे ने कहा कि भारतीय टीम को इस बात से फायदा होगा कि वे पहले भी रांची की परिस्थितियों में खेल चुकी हैं। हमारी टीम के तीन सदस्य झारखंड में हॉकी खेलकर बड़े हुए हैं और वे सभी रांची के माहौल और परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। हममें से कई लोगों ने यहां राज्य में कई घरेलू टूर्नामेंट भी खेले हैं, और इसलिए, हम आश्वस्त हैं परिवेश के साथ जल्दी से तालमेल बिठाना और आवश्यक समायोजन करना, जिससे हमें टूर्नामेंट में फायदा मिलेगा।

सिमडेगा जिले की रहने वाली सलीमा ने आगे कहा कि वह टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके अपनी टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद करना चाहती है। ÷टूर्नामेंट हमारे लिए 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी का एक अच्छा मौका है। मैं टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं, और हम एक टीम के रूप में जनवरी में महत्वपूर्ण मैचों से पहले कुछ क्षेत्रों में सुधार करना चाहते हैं। झारखंड महिला एशियाई सलीमा ने हस्ताक्षर करते हुए कहा, चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 एक टीम के रूप में अपना विकास जारी रखने के लिए हमारे लिए एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है।



मेस्सी को मेजर लीग फुटबॉल की इंटर मियामी से

अनुबंध के दो करोड़ 40 लाख डॉलर मिले

ब्रिसबेन,20 अक्टूबर 2023। मेजर लीग फुटबॉल खिलाड़ी संघ ने बताया कि लियोनेल मेस्सी को इंटर मियामी के साथ एमएलएस अनुबंध के सालाना अनुबंध के दो करोड़ 40 लाख डॉलर मिले हैं।

मेस्सी को बाकी सभी खिलाड़ियों के कुल वेतन से ज्यादा मिलता है। उनकी मूल तनख्वाह एक करोड़ 20 लाख डॉलर है और कुल मिलने वाली रकम दो करोड़ 40 लाख डॉलर से ऊपर है।

मेस्सी को लीग में सबसे नीचे काबिज ओरलैंडो सिटी के 9.6 मिलियन डॉलर कुल वेतन से दुगुना मिलता है।

हार्दिक पांड्या न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से हुए बाहर

नई दिल्ली,20 अक्टूबर 2023। वर्ल्ड कप 2023 में अभी तक भारतीय टीम का सफर बेहद शानदार चल रहा है। लेकिन 22 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जाने वाले मुकाबले से पहले भारत को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में भारतीय ऑलराउंडर

हार्दिक पांड्या के टखने में चोट लग गई थी। जिस कारण वो अगले मुकाबले से बाहर हो गए हैं। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी बासीसीआई ने शुक्रवार को बताया कि हार्दिक पांड्या न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी मैच में चोट के चलते नहीं खेलेंगे। वह 20 अक्टूबर को भारतीय टीम के साथ धर्मशाला के लिए उड़ान नहीं भरेंगे। हार्दिक पांड्या अब सीधा लखनऊ में भारतीय दल से जुड़ेंगे जहां उनका सामना इंग्लैंड से होना है।

बता दें कि, बांग्लादेश के खिलाफ अपने स्पेल का पहला ओवर डालते हुए हार्दिक पांड्या तीसरी गेंद पर चौका रोकने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान उनका टखना ट्विस्ट हो गया और वो मैदान पर गिर पड़े। जिसके बाद वो दर्द से कराह रहे थे, मैदान पर फीजियो ने टेपिंग की ओर गर्म पट्टी बांधी लेकिन इसका फायदा नहीं हुआ। वे गेंदबाजी करने की कोशिश में दिखे, लेकिन दर्द बहुत ज्यादा था। जिसके बाद कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें मैदान से बाहर जाने को कहा। ऐसे में विराट कोहली ने उनका ओवर पूरा किया, कोहली ने तीन गेंदों में महज 2 रन दिए।

डब्ल्यूपीएल गुजरात जायंट्स ने 2024 सीजन से पहले आधी टीम जारी की

अहमदाबाद,20 अक्टूबर 2023। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फ्रेंचाइजी गुजरात जायंट्स ने लीग के 2024 सीज़न से पहले रिटेन किए गए खिलाड़ियों की अपनी सूची की घोषणा की, जिसमें एशले गार्डनर, ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी, हरलीन जैसे सितारों को रिटेन किया गया है। भारत के देयोल और दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट।

गुजरात जायंट्स डब्ल्यूपीएल 2023 सीज़न में अंतिम स्थान पर रहा। वे अपने आठ मैचों में से केवल दो ही जीत सके और प्लेऑफ़ में जगह बनाने में असफल रहे।ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, जीजी ने अपने आधे से अधिक दस्ते जारी कर दिए हैं, जिनमें एनाबेल सदरलैंड्स, जॉर्जिया वेयरहैम, किम गर्थ और सोफिया

डंकले जैसे विदेशी सितारे शामिल हैं। मिनी-नीलामी के लिए टीम के पास 5.95 करोड़ रुपये का भारी भरकम पर्स बचा है।

टीम:- एशले गार्डनर*, बेथ मूनी*, दयालन हेमलता, हरलीन देयोल, लौरा वोल्वार्ड्ट*, शबनम शकील, स्नेह राणा, तनुजा कंवर

रिलीज़:- एनाबेल सदरलैंड*, अश्वनी कुमारी, जॉर्जिया वेयरहैम*, हर्ले गाला, किम गार्थ*, मानसी जोशी, मोनिका पटेल, पारुनिका सिसौदिया, सब्बीनेनी मेघना, सोफिया डंकले*,

दो दिसंबर से प्रो कबड्डी लीग के 10वें सीजन का आगाज

नई दिल्ली,20 अक्टूबर 2023। प्रो कबड्डी लीग का 10वां सीजन 2 दिसंबर से 21 फरवरी 2024 तक खेला जाएगा। वहीं पीकेएल अपने पुराने फॉर्मेट में लौट आया है। इसका मतलब है कि, प्रो कबड्डी लीग का आयोजन देश के 12 शहरों में होगा। इस ब्लॉकबस्टर लीग के शुरुआती मैच में गुजरात जायंट्स का सामना तेलुगु टाइटंस से होगा।

वहीं पीकेएल के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने ऐतिहासिक दसवें सीज़न के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। प्रो कबड्डी लीग, जो सीजन 10 के लिए 12 शहर के कारवां प्रारूप मे लौट रही है। 2 दिसंबर 2023 को अहमदाबाद के एरेना बाय ट्रांसस्टेडिया स्टेडियम में शुरू होगी। इसके बाद हर फ्रेंचाइजी के गृह शहरों में स्थानांतरित हो जाएगी। प्लेऑफ के कार्यक्रम की घोषमा बाद में की जाएगी।

बता दें कि, इस सीजन में हर फ्रेंचाइजी के गृह शहरों से स्टेडियम में वापस आने वाले कबड्डी फैंस का स्वागत करने के लिए रोमांचित है।

अहमदाबाद चरण 2-7 दिसंबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इसके बाद लीग स्थानों के कई क्रम निम्नलिखित क्रम में आगे बढ़ेगी।

बेंगलुरु में 8-13 दिसंबर
पुणे में 15-20 दिसंबर
चेन्नई में 22-27 दिसंबर
नोएडा में 29 दिसंबर 2023- 3 जनवरी 2024
मुंबई 5 जनवरी-10 जनवरी 2024
जयपुर 12-17 जनवरी 2024
हैदराबाद 19-24 जनवरी 2024
पटना 26-31 जनवरी 2024
दिल्ली 2-7 फरवरी 2024
कोलकाता 9-14 फरवरी 2024
पंचकुला 16-21 फरवरी

प्रो कबड्डी लीग का दसवां सीजन गुजरात जायंट्स और तेलुगु टाइटंस के बीच की प्रतिद्विंद्विता को नए सिरे से शुरू करने के साथ शुरू होगा। पवन सहरावत, फज़ल आतराचली, अजिंक्य पवार और नवीन कुमार जैसे टॉप खिलाड़ी सप्ताहांत में हाई-ऑक्टेन क्लैश के माध्यम से फैंस को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं।

मशाल स्पोर्ट्स लीग और प्रो कबड्डी लीग के लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा कि, मशाल स्पोर्ट्स को प्रो कबड्डी सीजन 10 मैच शेड्यूल जारी करते हुए खुशी हो रही है। पिछले सीज़न की तरह ये लीग इस बार भी सफल होगी। ये शेड्यूल पीकेएल फैंस की भावनाओं के साथ-साथ हमारे लीग के ऐतिहासिक दसवें सीजन के दौरान हाई क्वालिटी और रोमांचक प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने के बारे में कई विचारों और सावधानीपूर्वक योजना का परिणाम है।

सिंघम अगेन से टाइगर श्रॉफ का लुक जारी,धांसू अवतार में नजर आए अभिनेता

रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है. ये सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है. रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में नए ऑफिसर्स शामिल होते जा रहे हैं. हाल ही में दीपिका पादुकोण के लुक से पर्दा हटाया गया था. लेडी सिंघम को देख फैंस काफी एक्साइटेड हो गए थे. अभी वो एक्साइटमेंट खत्म नहीं हुई थी कि अक्षय कुमार ने फैंस को नए एसीपी ने इंट्रोड्यूस करवा दिया है. ये नए एएसपी टाइगर श्रॉफ है. सिंघम अगेन में अब टाइगर श्रॉफ की भी एंट्री हो गई है. वह एसीपी सत्या के किरदार में नजर आएंगे. अक्षय कुमार ने पोस्ट शेयर करके इस बात की जानकारी दी है.अक्षय कुमार ने टाइगर के लुक की कई तस्वीरें शेयर की हैं. जिसमें वह अपनी टोन्ड बॉडी फ्लॉन्ट करते नजर आ रहे हैं. वहीं एक हाथ में उन्होंने गन पकड़ी हुई है. अक्षय ने फोटोज शेयर करते हुए लिखा-दूसरी माँ से अपने भाई का स्वागत करता हूं. टाइगर श्रॉफ बतौर एसीपी सत्या.टाइगर श्रॉफ को कॉप यूनिवर्स का हिस्सा बनता देख फैंस बहुत खुश हैं. वह अक्षय के पोस्ट पर ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं. एक ने लिखा- ब्लॉकबस्टर लोडिंग. वहीं दूसरे ने लिखा- सुपर. एक ने लिखा- सिंघम अगेन हैवी कास्टिंग है रे बाबा. 500 करोड़ सिंघम अगेन.

हाल ही में सिंघम अगेन से दीपिका पादुकोण का लुक रिवील किया गया है. अक्षय ने दीपिका का लुक शेयर करते हुए लिखा था- अपनी लेडी सिंघम को इंट्रोड्यूस करते हैं मिलिए शक्ति शेट्टी से. वर्कफ्रंट की बात करें टाइगर श्रॉफ की फिल्म गणपत 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. इस फिल्म में टाइगर के साथ कृति सेनन और अमिताभ बच्चन लीड रोल में नजर आने वाले हैं. इस फिल्म में टाइगर और कृति दोनों ही जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आने वाले हैं.

श्वेता तिवारी पर चढ़ा बोल्डनेस का रंग, इतने सिजलिंग अंदाज में आईं नजर

श्वेता तिवारी के चाहने वाले आज देशभर में मौजूद हैं. फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं. एक्ट्रेस भी अपने चाहने वालों के साथ जुड़ने का एक मौका हाथ से नहीं जाने देतीं. श्वेता ने अपनी अदाकारी के दम पर तो हर किसी को दीवाना बनाया ही है, लेकिन आज लोग उनकी ग्लैमरस अदाओं पर भी फिदा रहते हैं. ऐसे में श्वेता का हर लुक तेजी से वायरल होने लगता है. अब फिर से एक्ट्रेस ने हुस्न की बिजलियां गिराई हैं.

लेटेस्ट फोटोशूट के लिए श्वेता ने हैवी सीक्वेंस और फेदर वाली सिल्वर बॉडीकॉन ड्रेस कैरी की है. अपने इस लुक को स्मोकी मेकअप से कंप्लीट किया है.

उन्होंने सटल बेस के साथ न्यूड लिप्स और स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ उन्होंने अपने बालों को सॉफ्ट कर्ल्स के साथ ओपन रखा हुआ है.

श्वेता इस लुक में बेहद हॉट दिख रही हैं. उन्होंने अपनी अलग-अलग अदाएं दिखाते हुए कैमरे के सामने किलर पोज दिए हैं. उनकी इन अदाओं को देखकर अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता कि एक्ट्रेस 43 साल की हो चुकी है और दो बच्चों की मां हैं. श्वेता की 22 साल की बेटी पलक तिवारी बॉलीवुड में भी डेब्यू कर चुकी हैं.

श्वेता के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस समय वह रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स में वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आने वाली हैं. इसके अलावा वह हम तुम और दैम वेब सीरीज में भी नजर आने वाली हैं.

कलास्टार के लिए फिर साथ आए सोनाक्षी सिन्हा,यो-यो हनी सिंह

हाल ही में स्ट्रीमिंग सीरीज दहाड़ में नजर आई अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा 9 साल बाद रैपर यो यो हनी सिंह के साथ फिर से जुड़ गई हैं। दोनों ने रविवार को अपना नया ट्रैक कलास्टार रिलीज किया।

यह गाना सोनाक्षी और यो यो हनी सिंह के पिछले म्यूजिक एल्बम देसी कलाकार का विस्तार है, जो 2014 में रिलीज हुआ था। गाने के म्यूजिक वीडियो में यो यो हनी सिंह और सोनाक्षी के बीच शानदार केमिस्ट्री दिखाई गई है।इस सहयोग के बारे में बात करते हुए सोनाक्षी सिन्हा ने साझा किया, 9 साल बाद एक बार फिर यो यो हनी सिंह के साथ जुड़ना बेहद खुशी की बात थी। हनी के साथ काम करना हमेशा मजेदार होता है, और इस गाने में जो जीवंतता है वह स्वैग से भरपूर है।

उन्होंने आगे कहा, सबसे बड़ी बात यह है कि यह देसी कलाकार का विस्तार है जिसे प्रशंसकों द्वारा बहुत पसंद किया गया था। मुझे उम्मीद है कि इस बार भी हमें वैसी ही प्रतिक्रिया मिलेगी, क्योंकि कलास्टार वर्तमान संगीत क्षेत्र में काफी आगे है।

कलास्टार जी म्यूजिक कंपनी के यूट्यूब चैनल पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।

इस बीच इस साल की शुरुआत में दहाड़ से ओटीटी डेब्यू करने वाली सोनाक्षी, संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित अपने पीरियड ड्रामा हीरामंडी के लिए तैयारी कर रही हैं।हीरामंडी, स्वतंत्रता-पूर्व भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो हीरामंडी जिले में वेश्याओं की तीन पीढ़ियों की जीवन कहानी पर आधारित है। श्रृंखला में ऋचा चड्ढा, शर्मिन सहगल और मनीषा कोइराला भी हैं, और यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

छत्तीसगढ़ के एक दर्जन से ज्यादा राइस मिलर्स और कारोबारियों पर ईडी का शिकंजा

छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के बचे हुए राइस मिलर्स और कारोबारियों पर भी ईडी की नजर...

रायपुर, 20 अक्टूबर 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के ऐलान के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को राज्य के कई शहरों में दबिश दी है. ईडी की टीम ने रायपुर, दुर्ग, कोरबा समेत अन्य शहरों में कई लोगों के घर और अन्य ठिकानों पर रेड डाली है. टीम ने रायपुर में 2, दुर्ग में 2 कोरबा में 1, राजनांदगांव में 1, इस तरह प्रदेश भर में 14 से ज्यादा राइस मिलर्स और कारोबारियों के यहां दबिश दी है।

जानकारी के मुताबिक रायपुर के तिल्दा स्थित अमित चावल उद्योग, तिरुपति राइस मिल के ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा है. वहीं राजनांदगांव स्थित अन्नपूर्णा राइस मिल के मालिक आशीष खंडेलवाल के घर पर कार्रवाई की है. प्रदेशभर में कुल 14 से ज्यादा ठिकानों पर ईडी की रेड जारी है.

महासमुंद.....

महासमुंद के राइस मिलर पारस चोपड़ा ठिकाने पर भी ईडी ने रेड डाली है. पारस चोपड़ा के यहां इसके पहले भी ईडी का छापा पड़ चुका है. जहां ईडी ने तीन दिनों तक दस्तावेज दस्तावेज खंगाले थे.

दुर्ग-भिलाई.....

इसके अलावा दुर्ग में भी ईडी की टीम राइस मिलर कैलाश रूंगटा और सुंदर नगर निवासी चावल व्यापारी सुरेश कुकरेजा के निवास पर दबिश दी है. तीन दिन पहले भी सुरेश कुकरेजा समेत 5 व्यापारियों के निवास पर टीम ने कार्रवाई की थी. इसके अलावा होटल कैमबियन के मालिक और राइस मिलर कमल अग्रवाल के फार्म हाउस में भी ईडी की कार्रवाई जारी है. बता दें कि कमल अग्रवाल का होटल ग्रीन चौक दुर्ग में स्थित है।

कोरबा.....

टीम ने कोरबा में भारतीय जनता पार्टी नेता और व्यवसायी गोपाल मोदी के घर पर भी छापेमारी की है. सुबह 6 बजे ईडी की टीम ने उनके सीतामणि स्थित निवास पर रेड डाली है. घर के दोनों तरफदरवाजे से टीम अंदर घुसी. पांच सदस्यीय टीम ने उनके ठिकाने पर दबिश दी है।गोपाल मोदी के घर के दोनों दरवाजे बंद कर टीम जांच में जुटी है. किसी भी व्यक्ति को घर के अंदर और बाहर आने जाने पर रोक लगा दी गई है. गोपाल मोदी राइस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं. उनके तीन अलग-अलग ठिकानों पर टीम ने छापा मारा है. ईडी की टीम तीन वाहनों में पहुंची है. बता दें वर्तमान में गोपाल मोदी बीजेपी के जिला कोषाध्यक्ष हैं।

एएम ज्वेलर्स,अरिहंत ज्वेलर्स पर इंकमटैक्स की रेड

» **अरिहंत ज्वेलर्स के संचालक उत्तम गोलछा बाजार स्थित शोरूम और शैलेंद्र नगर वाले घर पर टीम कर रही पड़ताल**

रायपुर, 20 अक्टूबर 2023 (ए)। रायपुर में सराफा कारोबारियों पर आईटी टीम ने दबिश दिया। सदर बाजार में इनकम टैक्स के 20 से ज्यादा अधिकारी कर अपवंचन संबंधी जांच के लिए पहुंचे। समाचार लिखे जाने तक सदर बाजार की 2 दुकानों पर पहुंचे इनकम टैक्स के अफसर पड़ताल में जुटे हुए हैं।

आयकर विभाग की सतर्कता टीम ने अरिहंत ज्वेलर्स के संचालक उत्तम गोलछा के सदर बाजार स्थित ज्वेलरी शॉप समेत शैलेंद्र नगर स्थित घर पर भी छापा मारा है। संचालक उत्तम गोलछा छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के कोषाध्यक्ष के पद पर हैं।

एएम ज्वेलर्स के मालिक के यहां छापेमारी

सदर बाजार में स्थित,रू ज्वेलर्स के मालिक सुनील पारख और सप्रे स्कूल के सामने ज्वेलर्स मालिक संजय पारख के ठिकानों पर भी आयकर दबिश दी है। सभी ठिकानों पर अहम दस्तावेजों को खंगाल कर जांच की जा रही है।

कारोबारी मिक्की के यहां छापाज

रायपुर के अलावा जगदलपुर में पारस ज्वेलर्स में छापा मारा गया है। मिक्की नहाटा के यहां भी आईटी की टीम पहुंच गई है। यह भी शिकायत है कि सराफा के अलावा कारोबारी पर हवाला कारोबार का भी संदेह है।

मतदाताओं को भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर निर्वाचन आयोग सख्त

» **राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक**

रायपुर, 20 अक्टूबर 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 में इलेक्ट्रानिक और इंटरनेट मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिवस पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन के लिए पहले चरण के मतदान दिवस के एक दिन पूर्व तथा मतदान दिवस को (अर्थात छह और सात नवंबर 2023 को) और दूसरे चरण के मतदान दिवस के एक दिन पूर्व तथा मतदान दिवस को (अर्थात 16 व 17 नवंबर 2023 को) प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान दिवस के पूर्व व मतदान तिथि को प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन के बाद वे दल अथवा प्रत्याशी जो इससे प्रभावित होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सफाई अथवा खंडन का अवसर नहीं होता। ऐसे में स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन जरूरी है।

एमपी-छत्तीसगढ़ में गिरे पेट्रोल-डीजल के दाम

रायपुर, 20 अक्टूबर 2023 (ए)। डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दामों के कारण महंगाई की मार झेल रहे छत्तीसगढ़ की जनता को पेट्रोल की कीमतों में गिरावट दर्ज होने के बाद महंगाई से कुछ हद तक राहत मिली है। देश में हर दिन सुबह 6 बजे पेट्रोल-डीजल के नए दाम जारी किए जाते हैं । शुक्रवार, 20 अक्टूबर को जारी पेट्रोल और डीजल के ताजा दामों के मुताबिक मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में आज फ्यूल के रेट्स में बदलाव देखें गए हैं।

शुक्रवार को मध्य प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की कीमत में 8-8 पैसे की कमी दर्ज की गई है। आज मध्य प्रदेश में पेट्रोल का रेट 109.62 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 94.81 रुपये प्रति लीटर है. अगर बीते दिन की बात करें तो एमपी में पेट्रोल 109.70 रुपये और डीजल 94.89 रुपये प्रति लीटर बिक रहा था. वहीं छत्तीसगढ़ में आज पेट्रोल के दाम में 50 पैसे की कमी और डीजल के दाम में 49 पैसे की कमी आई है. छत्तीसगढ़ में आज



पेट्रोल की कीमत 103.08 रुपये प्रति लीटर और डीजल का दाम 96.06 रुपये है. बीते दिन छत्तीसगढ़ में पेट्रोल का दाम 103.58 रुपये और डीजल 96.55 रुपये प्रति लीटर था।

मध्य प्रदेश के इन शहरों में पेट्रोल-डीजल के दाम

मध्य प्रदेश के शिवपुरी में पेट्रोल की कीमत 110.18 रुपये और डीजल 95.30 रुपये लीटर बिक रहा है. बुरहानपुर में पेट्रोल 111.50 रुपये और डीजल 96.54 रुपये लीटर है. दमोह में पेट्रोल के दाम 109.21 रुपये और डीजल के दाम 94.41 रुपये लीटर है. कटनी में पेट्रोल की कीमत 110.29 रुपये और डीजल 95.42 रुपये लीटर है।

छत्तीसगढ़ के इन शहरों में पेट्रोल-डीजल के दाम

बीजापुर में पेट्रोल 106.85 रुपये प्रति लीटर और डीजल 99.77 रुपये लीटर बिक रहा है. जशपुर में पेट्रोल 103.93 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.89 रुपये लीटर बिक रहा है. मुंगेली में पेट्रोल का दाम 103.33 रुपये प्रति लीटर है, जबकि डीजल 96.31 रुपये लीटर बिक रहा है.

कोरबा में पेट्रोल 102.43 रुपये और डीजल 95.42 रुपये प्रति लीटर

महासमुंद में पेट्रोल 103.14 रुपये और डीजल 96.11 रुपये प्रति लीटर

बस्तर में पेट्रोल 105.29 रुपये और डीजल 98.23 रुपये प्रति लीटर

दंतेवाड़ा में पेट्रोल 106.65 रुपये और डीजल 99.58 रुपये प्रति लीटर

दुर्ग में पेट्रोल 102.79 रुपये और डीजल 95.77 रुपये प्रति लीटर

सुकमा में पेट्रोल 106.25 रुपये और डीजल 99.18 रुपये प्रति लीटर

रायगढ़ में पेट्रोल 103.57 रुपये और डीजल 96.55 रुपये प्रति लीटर

कवर्धा में पेट्रोल 103.43 रुपये और डीजल 96.40 रुपये प्रति लीटर

चुनाव कार्य में लगे शिक्षकों ने मांगे पूरी नहीं होने पर

निर्वाचन कार्य को प्रभावित करने की दी धमकी

बिलासपुर, 20 अक्टूबर 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा का चुनाव नजदीक है ऐसे में सरकार द्वारा पूर्व में किए गए वायदों को पूरा करवाने के लिए कर्मचारियों के पास अच्छा मौका है। इसी मौके के फायदा उठाने के लिए चुनाव कार्य में लगे

शिक्षकों के लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारी संगठन ने आज जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारी संगठन ने वेतन का भुगतान न होने पर निर्वाचन कार्य के प्रभावित होने की बात कही है। दरअसल, निर्वाचन कार्य में लगे जिले के करीब 700 शिक्षकों का प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति संशोधन के कारण बीते दो महीने से एक तरफा वेतन भुगतान रोक दिया गया है। त्यौहारी सीजन में वेतन न मिलने से इन शिक्षकों को परिवार चलाने में कई तरह दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने लंबित वेतन भुगतान कराने की मांग की है. ताकि वे पूर्ण निष्ठा और लगन से निर्वाचन कार्य संपन्न कर सकें। इस संबंध में संगठन ने ज्ञापन भी सौंप दिया है।

द्वितीय चरण के निर्वाचन के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

रायपुर,20 अक्टूबर 2023 (ए)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत द्वितीय चरण के 70 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके साथ ही द्वितीय चरण के निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। इस चरण में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग तथा सरगुजा संभाग की कुल 70 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। प्रदेश में द्वितीय चरण में हो रहे निर्वाचन के लिए प्रत्याशी 30 अक्टूबर 2023 तक अपना नामांकन पत्र

दाखिल कर सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच 31 अक्टूबर को होगी तथा प्रत्याशी 2 नवम्बर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए 17 नवम्बर 2023 को मतदान होगा। प्रथम तथा द्वितीय दोनों ही चरणों की मतगणना 03 दिसंबर 2023 को होगी।

मतदान के दिन नहीं कटेगी सैलरी

वोट डालने मिलेगा अवकाश

रायपुर,20 अक्टूबर 2023 (ए)।छत्तीसगढ़ में होने जा रहे विधानसभा चुनाव 2023 में किसी भी कर्मचारियों की सैलरी नहीं कटेगी। इतना ही नहीं बलकि उस दिन के वेतन के साथ अवकाश भी दिया जायेगा।

तत्संबंध में मुख्या निर्वाचन पदाधिकारी के पत्र के बाद छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश भी जारी कर दिया है।जारी आदेश में समस्त विभागाध्यक्षों, कलेक्टरों और जिला दंडाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। शासनादेश में उल्लेखित किया गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135ख, मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश की मंजूरी का नियम पालन करेंगे।

मतदान दिवस के अवसर पर किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक मतदाता के लिए सवैतनिक अवकाश स्वीकृत किये जाने का निर्देश है।

रायपुर दक्षिण से सपा ने मनीष श्रीवास्तव को दिया टिकट

रायपुर,20 अक्टूबर 2023 (ए)। रायपुर दक्षिण से सपा ने मनीष श्रीवास्तव को टिकट दिया है। समाजवादी पार्टी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। खास बात यह है कि पहले चरण की सीटों के लिए नामांकन दाखिले का आखिरी दिन था। वही आज सुबह जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने प्रत्याशियों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है।इस सूची में 16 उम्मीदवारों को मौका दिया गया है। जनता कांग्रेस

महामंत्री महेंश देवांगन ने ये सूची जारी की है। लिस्ट में पहले चरण की 20 सीटों में होने वाले चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। हालांकि इनमें 16 नाम ही शामिल हैं।

अनीता योगेंद्र शर्मा की जगह, छाया वर्मा होंगी कांग्रेस प्रत्याशी

खरोरा,20 अक्टूबर 2023 (ए)।धरसींवा विधानसभा मे कांग्रेस ने अनीता योगेंद्र शर्मा की जगह पूर्व राजयसभा सांसद श्री मति छाया वर्मा को टिकट दिया. छेत्र मे उत्सुकता के साथ -साथ आश्चर्य भी है की पिछले दो साल से छाया वर्मा ने बलौदाबाजार विधानसभा से तैयारी कर रही थी उनको वहाँ से टिकट नहीं देकर धरसींवा से टिकट दिया गया.छेत्र के कोंग्रेसियो मे उत्साह है की पूर्व राजयसभा सांसद होने के कारण इनका दिल्ली मे मजबूत पकड़ है और समय ङ्क समय मे इन्होने छत्तीसगढ़ की बात को देश के सबसे उच्च सदन राजयसभा मे छत्तीसगढ़ की बातो को उठाथे रही है. तो छेत्रवासियो को उम्मीद जग गई है की धरसींवा की विधायक अगर छाया वर्मा बनती है तो छेत्र की

समस्याओं को मुखरता से छत्तीसगढ़ की विधानसभा मे उठाएगी. जिसके लिए पूरा छत्तीसगढ़ मे उनकी पहचान बनी हुई है. छाया वर्मा जी ने ही राजयसभा मे छत्तीसगढ़ भाषा को राज्य भाषा देने के लिए सदन मे आवाज उठाई थी.

वहीँ अनीता शर्मा ने पिछले विधानसभा मे 19800 वोटो से जीत दर्ज की थी वहीँ राजनितिक विशेषग्या को मानना है की उनका जातिगत समीकरण के कारण टिकट कटा उनका यह भी कहना है की अनीता शर्मा की टीम और उनके सहयोग के बिना इस सीट को जीत पाना संभव नहीं है.वहीँ क्षेत्रवासियो ने नम आँखों से कहा की अनीता शर्मा के कार्यकाल मे जो उचाईयों को छुआ है उसे छेत्र की जनता हमेशा याद रखेगी.

बीजेपी प्रत्याशी ईश्वर साहू को मिला आचार संहिता के उल्लंघन का नोटिस

24 घंटे के अंदर देना होगा जवाब

बेमेतरा,20 अक्टूबर 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में हाईप्रोफाइल बन गई साजा विधानसभा सीट पर चुनावी संग्राम अभी से अपने चरम पर है। मंगलवार को ईश्वर साहू ने वीडियो के माध्यम से बयान जारी कर मंत्री रविंद्र चौबे पर निशाना साधा था। जारी वीडियो में बिरनपुर हिंसा मामले में नाइंसाफी का आरोप लगाया था. इधर इस

मामले में राजनीति जारी थी कि उसी बीच चुनाव आयोग की तरफ से ईश्वर साहू के खिलाफ अन्य मामले में कार्रवाई हुई है। उन्हें नोटिस थमाया गया है. बेमेतरा के रिटर्निंग अधिकारी ने ईश्वर साहू के खिलाफ नोटिस जारी किया है। ईश्वर साहू पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। इस नोटिस पर 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा गया है।

महंत रामसुंदर दास व एजाज ढेबर को मिला एक-दूसरे का साथ

रायपुर,20 अक्टूबर 2023 (ए)। रायपुर दक्षिण विधानसभा में चल रहे टिकट को लेकर असंतोष के तूफान को रोकने में महंत को कामयाबी मिलते दिख रही है। छत्तीसगढ़ के चुनावी मैदान में रूठने मनाने का दौर चालू है। गुरुवार को प्रत्याशियों के टिकट घोषणा होने के बाद रायपुर दक्षिण से दावेदारी कर रहे मेयर एजाज ढेबर को टिकट ना मिलने पर उनके समर्थकों ने सड़क पर उतरकर जमकर हंगामा मचाया था।कांग्रेस हाईकमान ने रायपुर दक्षिण से महंत रामसुंदर दास को विधायक का टिकट दिया है। महंत रामसुंदर दास रायपुर आते ही सबसे पहले मेयर एजाज ढेबर से मिलने उनके सरकारी आवास पहुंचे और नाराज कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।महंत रामसुंदर दास ने कहा कि हम आपसी समंजस्यता से चुनाव लड़ना चाहते हैं

महापौर का दिल बहुत बड़ा है, उन्होंने कहा है कि उनका पूर्ण समर्थन रहेगा। हम चारों सीटों पर जीत दर्ज करेंगे। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि, जब बच्चे रूठ जाते हैं तो उन्हें मनाने का काम घर के बड़ों का होता है।

मेरे समर्थक इसलिए नाराज है. क्योंकि लंबे समय से मेहनत करने के बाद टिकट मुझे नहीं मिली है। लेकिन चारों विधानसभा में मेरा पूर्ण समर्थन रहेगा और निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी इस पर जीत दर्ज करेगी।महंत रामसुंदर दास एक काबिल प्रत्याशी है और निश्चित रूप से वह बृजमोहन अग्रवाल को मात देकर दक्षिण विधानसभा सीट जीतेंगे। एक-दूसरे का हाथ थामकर सीएम आवास के लिए हुए रवाना महंत रामसुंदर दास से मुलाकात के बाद मेयर एजाज ढेबर मुलाकात उन्हें साथ में लेकर हेलीपेड पहुंचे। महंत रामसुंदर दास व एजाज ढेबर एक-दूसरे का हाथ थामे हुए थे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह*(पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)